सुप्रभात

रांची, शनिवार

29.04.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 284



12 दानिश की शादी में ढोल की थाप पर नाची राखी सावंत

## न्यूज डायरी

### एनोस एक्का को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** मधु कोड़ा कैबिनेट में मंत्री रहे एनोस एक्का को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस एस बालासुब्रमण्यम और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में एनोस एक्का की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई।

### अतीक-अशरफ को क्यों पैदल ले गये : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार से सवाल किया कि आखिर दोनों को अस्पताल एंबुलेंस से न ले जाकर अस्पताल के एंट्री गेट तक पुलिस पैदल क्यों ले गयी?

### विपक्षी एकजुटता देश में जरूरी : हेमंत सोरेन

**रांची।** देशभर में विपक्षी एकजुटता को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सही करार दिया। श्री सोरेन ने कहा विपक्षी एकजुटता देश में लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

### किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार पटना आये लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव शुक्रवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। दोपहर करीब 3.20 बजे दिल्ली से अपने पुत्र और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी के साथ वे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। वहां राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

### रिश्वत लेने के दोषी प्रधान लिपिक को सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शुक्रवार को पांच हजार घूस लेने के दोषी सदर अस्पताल के प्रधान लिपिक बिरेश प्रसाद को दो साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### पलामू में मूक-बधिर युवती के साथ दुष्कर्म

**मेदिनीनगर।** पाटन में एक पड़ोसी ने मूकबधिर युवती के साथ दुष्कर्म किया। मामला पाटन के नावाजयपुर थाना अंतर्गत रूदीडीह पंचायत का है। पीड़िता की मां ने शुक्रवार को पड़ोस के दो बच्चों के पिता अवधेश राम (35) पर केस दर्ज कराया है।

### नक्सलियों के बम की चपेट में आकर महिला की मौत

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के अति नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के मारीदिरी के समीप नक्सलियों के अइइडी बम धमाके की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी। यह पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने को लगा था। के उद्देश्य से लगाया था, लेकिन इस ब्लास्ट की चपेट में एक महिला आ गयी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना शुक्रवार अहले सुबह की है। महिला की पहचान पताहातु निवासी गांगी सुरीन के रूप पर हुई है। सुबह वो जंगल गयी थी, इसी दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये बम की चपेट में आ गयी। उसके शरीर के चिथड़े उड़ गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

---

## मुख्यमंत्री ने शुरू की झारखंड की पहली एयर एंबुलेंस सेवा

# सिर्फ अमीरों नहीं, गरीबों को भी देंगे सुविधा : हेमंत

- सबके लिए समान है स्वास्थ्य सेवा, बचेगी गंभीर मरीजों की जान
- मील का पत्थर साबित होगी एयर एंबुलेंस सेवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए एक महत्त्वपूर्ण दिन है। राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को एयर एंबुलेंस सेवा शुरू हो रही है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में झारखंड की जनता के लिए पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि गरीबों को पैसे के अभाव में चिकित्सा सुविधा से दूर नहीं रहना पड़ेगा, राज्य सरकार उनका भी खास प्रबंध करेगी। इस सेवा का उपयोग जो पैसे दे सकते वही कर पाएंगे ऐसा नहीं है। (शेष पेज 11 पर)



### चिकित्सा सेवा मजबूत करना लक्ष्य

सीएम ने कहा, आज जहां एक तरफ हम विकास के नये आयाम को छू रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कोरोना जैसी महामारी हमारे सामने आपदा के रूप में चुनौती बनकर आयी। है। उन्होंने कहा कि कोरोना ने हमें आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की अहमियत को बताया है। बीमारियों से लड़ने के लिए हम राज्य में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। अचानक ऐसी कई गंभीर बीमारियां या हादसे सामने आ जाते हैं, जिसमें पीड़ित को बाहर जाना जरूरी हो जाता है। जिन्दगी और मौत का फासला काफी कम होता है, ऐसी परिस्थिति में सड़क मार्ग अथवा रेल मार्ग से मरीज को ले जाने में काफी कठिनाई होती है। इसी को ध्यान में रख इस एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है।

---

## लिंगराज मंदिर में पूजा कर सीएम ने मांगी झारखंड की खुशहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने ओड़िशा दौरे के क्रम में शुक्रवार को भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर गये। धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग विधि- विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना की। झारखंड और राज्यवासियों की प्रगति, सुख -शांति- समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी साथ थे। उन्होंने भी शीश नवाकर भगवान से आशीर्वाद लिया।



---

## हेट स्पीच गंभीर अपराध, सख्ती जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

# राज्य सरकारें बिना धर्म देखे संज्ञान ले कर केस दर्ज करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हेट स्पीच (नफरती भाषण) पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फिर से सख्त रुख दिखाया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण दे, सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज करने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि हेट स्पीच देने वाले व्यक्तियों के धर्म की परवाह किये बिना ऐसी कार्रवाई की जाये ताकि भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को जारी रखा जा सके। पीठ ने कहा, न्यायाधीश अराजनीतिक होते हैं और पहले पक्ष या दूसरे पक्ष के बारे में नहीं सोचते और उनके दिमाग में केवल एक ही चीज है - भारत का संविधान। (शेष पेज 11 पर)

### ऐसे रुक सकता है नफरती भाषण



हेट स्पीच के कई मामले पिछले कुछ समय में देखे गये हैं। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर की गयी हैं। कोर्ट ने हाल-फिलहाल के समय में सरकारों के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां भी की हैं। पिछले महीने ही हेट स्पीच से जुड़े इसी मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिस समय राजनीति व धर्म अलग हो जायेंगे और नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बांद कर देंगे, तब हेट स्पीच बंद हो जायेगी। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों का भी जिक्र किया था और कहा था कि उनके समय में दूर-दूर के लोग उन्हें सुनने के लिए आते थे।

### राज्य सरकारों को बताया था नपुंसक

कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा था कि हर दिन फ्रिंज एलिमेंट टेलीविजन और मंचों से दूसरों को बदनाम करने के लिए स्पीच दे रहे हैं। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने राज्य सरकारों को नपुसंक तक करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि हेट स्पीच की घटनाओं के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। सभी को अपनी इज्जत प्यारी होती है, लेकिन ऐसे बयान दिये जाते हैं कि पाकिस्तान चले जाओ। सच्चाई यह है कि उन्होंने यह देश चुना है। बेंच ने कहा था कि नफरत एक दुष्चक्र है और राज्य को कार्रवाई शुरू करनी होगी।

---

## पीएम मोदी ने लोहरदगा, बड़हरवा और गोड्डा को दी एफएम रेडियो की सौगात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से शुक्रवार को राज्य के लोहरदगा, साहिबगंज जिले के बरहरवा और गोड्डा में प्रसार भारती आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का लोकार्पण किया। लोहरदगा में उदघाटन समारोह में उपस्थित वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रेडियो हमेशा से लोगों के सूचना का एक बेहतर माध्यम रहा है। आज भी रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ है। यहां एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया जाना निश्चित रूप से गर्व की बात है। इसका लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। लोगों को सूचनाओं के साथ मौसम और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इस दौरान पद्मश्री मधु मनसूख मंसूरी सहित क्षेत्र के कलाकार और अन्य लोग मौजूद थे। गोड्डा में आयोजित समारोह में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एफएम रेडियो की सौगात देने के लिए पीएम मोदी और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वे लगातार एफएम के लिए प्रयासरत थे। प्रसार भारती का पहले से ही गोड्डा में कार्यालय है। (शेष पेज 11 पर)

---

## किट के बुलावे पर पहुंचे ओड़िशा, बच्चों से मिले

# दोनों संस्थान झारखंड में भी बच्चों को मार्गदर्शन दें : हेमंत

**रांची/भुवनेश्वर (खबर मन्त्र)।** सभी की सोच से अलग कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता ने हजारों गरीब और आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम किया है, उनका यह प्रयास सराहनीय है। हमारे राज्य में भी सामंता जी आयें और झारखंड के नौनिहालों को मार्गदर्शन दें। यहां के आदिवासी बच्चों के लिए कैसे विकास की पटरी पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इस पर मिलकर कार्य करें। यहां आने वाली पीढ़ी अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए बैठी है। किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब वह पढ़-लिखकर परिवार और समाज तक शिक्षा का विस्तार कर सके। इसके लिए कार्य करना होगा। उक्त बातें सीएम हेमंत सोरेन ने कहीं। (शेष पेज 11 पर)

---

## मिलावटी खाद्य पदार्थ मामले में हाइकोर्ट ने कहा

# ठोस जवाब नहीं आया, तो सचिव को हाजिर होना होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थों के मिलावट को स्वतः संज्ञान मामले में झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार का जवाब नहीं आने पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगली सुनवाई तक अगर संतोषजनक जवाब दाखिल नहीं होता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जून निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।



कोर्ट ने राज्य सरकार से खाद्य पदार्थों की जांच से संबंधित एक साल का विवरण मांगा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि राज्य के जिलों में फूड सेफ्टी ऑफिसर के द्वारा प्रति माह कितने खाद्य पदार्थों (कच्चे और पक्के) के सैंपल को एकत्रित किये गये। इसमें से कितने सैंपल गलत मिले। जो खाद्य पदार्थ के सैंपल गलत पाये गये उनके संचालकों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। (शेष पेज 11 पर)

---

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पर 200 रुपये जुर्माना

**हजारीबाग।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुनवाई करते हुए हजारीबाग कोर्ट ने केंद्रीय राज्य मंत्री और अन्नपूर्णा देवी को 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। आचार उल्लंघन मामले सांसद को दोषी ठहराने के बाद मरियम हेंब्रम की कोर्ट ने यह सजा सुनायी। जुर्माना नहीं देने पर एक दिन की सजा काटनी होगी। सजा के बिंदुओं पर केंद्रीय मंत्री सुबह करीब आठ बजे कोर्ट पहुंची थीं। सांसद पर कोडरमा सदर प्रखंड में चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी अंचल अधिकारी ने दर्ज कराया था। आरोप था की अन्नपूर्णा देवी ने मतदान केंद्र पर पार्टी का गले में पट्टा लगाकर पहुंची थीं। (शेष पेज 11 पर)

**आचार संहिता उल्लंघन**

---

## एससीओ की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक को दिखाया आईना, कहा

# आतंक को बढ़ावा मानवता के खिलाफ अपराध

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते हुए शुक्रवार खडअा कि किसी भी तरह का आतंकवादी कृत्य या किसी भी रूप में उसका समर्थन मानवता के खिलाफ एक बड़ा अपराध है। शांति और समृद्धि इस खतरे के साथ सह-अस्तित्व में नहीं रह सकती है। रक्षा मंत्री ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस दौरान पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को आईना दिखाया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी एससीओ की बैठक में वर्चुअली शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

### चीन को जवाब- नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं



भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष ली शांगफू से दो टूक कहा कि दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की दरकार है। ऐसे में बॉर्डर एरिया में शांति पहले जरूरी है। सीमाओं पर शांति के बाद ही अच्छे संबंधों को आगे बढ़ाया जा सकता है। गलवान घाटी की घटना के बाद चीनी रक्षा मंत्री का यह पहला भारत दौरा है और वे नई दिल्ली में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। राजनाथ सिंह और चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू के बीच हुई मुलाकात में राजनाथ सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिना बॉर्डर पर शांति हुए, अच्छे संबंधों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात और पहले हुए समझौते के उल्लंघन की वजह से द्विपक्षीय संबंधों का आधार ही हिल गया है। कहा कि सीमा के मुद्दों को दोनों देशों के बीच हुए समझौते के आधार पर ही सुलझाया जाना चाहिए।




स्पीड न्यूज

# टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज का कवि सम्मेलन कल

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शेक्सपियर दिवस का आयोजन



**जमशेदपुर।** कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता के निर्देश पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में मानविकी संकाय द्वारा शेक्सपियर दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि 26 अप्रैल को अंग्रेजी के विख्यात साहित्यकार विलियम शेक्सपियर का जन्म दिवस मनाया जाता है। यह अंग्रेजी के ऐसे साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने अपनी लेखनी से पूरे विश्व को प्रभावित किया। इस कारण यूनिवर्सिटी उनकी विलक्षण साहित्य शैली को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना अपना कर्तव्य समझती है एवं बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न एक साहित्यकार की स्मृति में कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया गया। फैंसी ड्रेस निर्णायक मंडल में परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रह्मण्यम, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली सिंह एवं संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप एवं पोस्टर प्रतियोगिता के लिए वाणिज्य की डीन डॉ दीपा शरण, डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ सलोमी कुजूर एवं अर्थशास्त्र विभाग की डॉ रत्ना मित्रा की विशेष भूमिका रही। मानविकी संकाय के डीन डॉ सुधीर कुमार साहू के अलावा समन्वयक के रूप में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा टाइटस एवं अमृता कुमारी की विशेष भूमिका रही। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र जयसवाल भी शामिल थे।

## आजसू जुगसलाई नगर पालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुए तनवीर राजू



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जुगसलाई स्थित पार्टी कार्यालय में आजसू नगरपालिका की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष तनवीर ने किया जबकि संचालन दिनेश जयसवाल ने किया और पूरी कमिटी के साथ पुनः नए सदस्यो को भी शामिल किया। अरूप मल्लिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और चुनावी मूड में उतरने का कार्य करने की सलाह दिए।

## काशीडीह सामुदायिक मैदान में भव्य कवि सम्मेलन की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन 30 अप्रैल की शाम छह बजे से काशीडीह सामुदायिक केंद्र मैदान में किया जायेगा। कवि सम्मेलन का उद्घाटन धालभूम के एसडीओ पियूष सिन्हा करेंगे।

उक्त जानकारी काशीडीह सामुदायिक केंद्र सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील में हेड (अर्बन सर्विसेज एंड ट्राइबल सर्विसेज) जिरेन टोपनो ने एक संवाददाता सम्मेलनमें दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से अर्बन सर्विसेज भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही कविता की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करती है और इस बात पर भी जोर देती है कि आज भी लेखक/कवि अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए कविता का चयन करते हैं। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के लोकप्रिय मंचीय कवि एवं व्यंग्यकार संपत सरल समेत जमशेदपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों के कुल 10 प्रसिद्ध कवि भाग लेंगे और अपनी मनमोहक रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण और समुदाय के लोग बड़े पैमाने पर उपस्थित रहेंगे। श्यामल सुमन ने कहा कि कवि सम्मेलन में देशभक्ति, सामाजिक विसंगतियों से लेकर श्रृंगार रस की कविताएं सुनने को मिलेंगी। सबसे बड़ी बात कि इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवियों के साथ शहर के चार कवि, कवियित्रियों को भी काव्य पाठ करने का अवसर मिलेगा। टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अधिकारी डा हसन इमाम मल्लिक ने कहा कि टाटा स्टील अर्बन सर्विसेज द्वारा आयोजित सालाना जलसा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। संवाददाता सम्मेलन को ट्राइबल सर्विसेजके गुरुबारी हेम्ब्रम ने भी संबोधित किया।

बता दें कि जमशेदपुर शहर में कला, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज द्वारा समुदायों के लिए मुशायरा, सा रे गा मा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### हास्य कवि संपत सरल शहरवासियों को गुदगुदायेंगे



कवि सम्मेलन के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते टाटा स्टील फाउंडेशन के हेड जे टोपनो। साथ में बायें से श्यामल सुमन, डॉ हसन इमाम मल्लिक और सबसे दायें गुरुवारी हेम्ब्रम।

### कवि सम्मेलन में शिरकत करने वाले कवि

1. संपत सरल,राजस्थान
2. विष्णु सक्सेना,उत्तर प्रदेश
3. मनोज कुमार मनोज,मेरठ-उप्र
4. प्रियांशु गजेंद्र-उप्र
5. कृति काले-नयी दिल्ली
6. गौरी मिश्रा-उत्तराखंड
7. श्यामल सुमन-जमशेदपुर
8. नवीन अग्रवाल-जमशेदपुर
9. संध्या सिन्हा सुफी-जमशेदपुर
10. शोभा किरण इनायत-जमशेदपुर।

# इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये अनूप सिंह

## राकेश्वर पांडेय और संजीव चौधरी बनाये गये वरीय सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी द्वारा इंटक के राष्ट्रीय कमिटी का गठन कर शुक्रवार शाम को जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय कमिटी में झारखंड के बेरमो विधायक सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को उपाध्यक्ष का बड़ा दायित्व डॉ रेड्डी ने सौंपा है।

वही टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी को वरीय सचिव, झारखंड इंटक के कायार्वाहक अध्यक्ष राकेशवर पांडेय को वरीय सचिव, रघुनाथ पांडेय, आर रवि प्रसाद एवं विजय खां को सचिव, देविका सिंह एवं सतीश कुमार सिंह को कमेटी मे संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय कमेटी की लिस्ट जारी होते ही प्रदेश इंटक सचिव शैलेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता बिस्टुपुर गोलचक्कर पर एकत्रित हुए एवं लड्डू वितरण व आतिशबाजी कर प्रसन्नता जाहिर की। शैलेश पांडेय ने कहा की डॉ जी संजीवा रेड्डी ने युवाओं को संगठन के उच्चतम पद पर मनोनीत कर भविष्य का संकेत दिया है, डॉ रेड्डी हमेशा युवाओं को आगे बढाने का काम करते हैं। उन्होंने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल को फोन लगाकर कार्यकरताओं से बातचीत कराई एवं कार्यकरताओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेसित की। ज्ञात हो की इंटक के दिल्ली में मार्च में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो चुका था जिससे सर्वसम्मति से डॉ जी संजीवा रेड्डी को अध्यक्ष चुना गया था एवं कमेटी गठन का अधिकार उन्हें सौपा गया था, जिसके बाद आज डॉ रेड्डी ने राष्ट्रीय कमेटी का लिस्ट जारी किया है। अनूप सिंह उर्फ जयमंगल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने एवं अन्य नेताओं को पद मिलने पर इंटक नेता शैलेश पांडेय, इंटक नेता संजीव रंजन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पार्षद डा पारितोष सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।



उपाध्यक्ष अनूप सिंह का स्वागत करते संजीव रंजन और डॉ पारितोष सिंह।



वरीय सचिव राकेश्वर पांडेय।



वरीय सचिव संजीव चौधरी।



संगठन सचिव रघुनाथ पांडेय।



संगठन सचिव आर रवि प्रसाद।



संगठन सचिव सतीश सिंह।

# पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को कल करेंगे संबोधित

## भाजपा जमशेदपुर महानगर ने किया पोस्टर विमोचन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। मन की बात' के 100वें संस्करण के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ इसे सफल बनाने हेतु भाजपा जमशेदपुर महानगर विभिन्न स्तरों पर तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 100वें मन की बात में भाजपा कार्यकताओं के संग आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने और जनजागरण के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से पोस्टर का विमोचन किया गया। शुक्रवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान विमोचनकर्ता के रूप में मौजूद सांसद विद्युत वरण महतो व अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विधिवत रूप से विमोचन किया। समारोह के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने 'भारत माता की जय', 'भाजपा जिंदाबाद' एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया। उपरोक्त समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम आज देश की जनता के साथ सीधा संवाद का माध्यम और लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है।

वर्ष 2014 में शुरू हुए मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया है, जिनके पास पहुंचना अत्यंत कठिन समझा जाता था।

# अरका जैन विवि में बॉलीवुड सिंगर निकिता गांधी का जलवा

## कुछ तो है तुझसे राबता... क्यूं है ये कैसे है ये तू बता...



निकिता गांधी के लाइव शो का आनंद उठाते शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं।



कुछ तो है तुझसे राबता ...



अरका जैन यूनिवर्सिटी के गंहरिया, जमशेदपुर कैंपस में इंटर स्कूल इवेंट आगाज में प्रस्तुति देती बॉलीवुड सिंगर निकिता गांधी।

# रफ ड्राइविंग करने पर बीते माह 368 लाइसेंस किए गये सस्पेंड

## एसडीएम धालभूम की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई जिसमें जिले में मार्च माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं, उनके कारण, ट्रैफिक पुलिस, उत्पाद विभाग की कार्रवाई तथा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाये गए जागरूकता अभियान आदि की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन तथा अन्य स्टेक होल्डर द्वारा उठाये गए सुरक्षात्मक उपायों से पिछले कुछ माह के तुलना में मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई, हालांकि मार्च में हुई 20 सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोगों की मृत्यु तथा 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। गलत दिशा में वाहन चलाना, नेशनल हाईवे में ओवर स्पीडिंग, रैश ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे। एसडीएम धालभूम द्वारा सभी दुर्घटनाओं के कारणों की गहन समीक्षा की गई तथा शहर के अंदर कुछ जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते एसडीओ पियूष सिन्हा।

### स्कूल बसों के फिटनेस, मेंटेनेंस की जांच होगी : डीटीओ

जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन ने ट्रैफिक पुलिस एवं रोड सेफ्टी टीम को बाइक चलाकर स्कूल आने वाले नाबालिग बच्चों की जांच कर कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होने स्कूल बसों का मेंटेनंस, फिटनेस जांचने की भी बात कही। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्कूल प्रबंधन बसों को दुरूस्त रखें, अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रोड सेफ्टी एवं शिक्षा विभाग को स्कूलों में सड़क सुरक्षा को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया।



## स्पीड न्यूज

### मजदूर किसान महाविद्यालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन




**पांकी पलामू।** सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थापित मजदूर किसान महाविद्यालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। एम्स दिल्ली के डॉ अभिषेक कुमार सिंह और उनके टीम के द्वारा जांच करने के बाद दवा का भी वितरण किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम बताया की जांच शिविर के आयोजन से असहाय ग्रामीणों का इलाज किया गया आगे भी हमारे महाविद्यालय में इस तरह का शिविर का आयोजन समय समय पर किया जाएगा, जहां महाविद्यालय के पूर्व सचिव सह दानदाता सदस्य बिंदेश्वर सिंह, महाविद्यालय के दानदाता सदस्य, शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी राष्ट्रीय सेवा योजना के गणमान्य तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हो कर जांच का लाभ लिए।

### ममरखा गांव के समीप एन एच 98 पर हाईवा ने बाईक सवार युवक को रौंदा



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ममरखा गांव के एचपी पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 पर छतरपुर की ओर से आ रही हाईवा बीआर 01जीएल 9910 की चपेट में आने से बाइक सवार युवक के दोनों पैर बुरी तरह से कुचल गया। घायल युवक को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परंतु इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में घायल युवक की मौत हो गई। मृतक एनटीपीसीआर नबीनगर के केरका गांव निवासी यमुना राय का 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश सिंह है। वह अपने होंडा शाइन बाइक से छतरपुर की ओर जा रहा था। मौके पर पुलिस पहुंच कर उक्त हाईवा को जब्त कर लिया है।

### जेएसएलपीएस ने वितीय साक्षरता अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत सचिवालय में वितीय साक्षरता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएसएलपीएस के एफटीसी राजेश्वर राम व संचालन मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया गया था। जेएसएलपीएस के एफटीसी राजेश्वर राम ने बताया कि अभियान में बीसी सखी के द्वारा लेन-देन व कौशल विकाश योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मौके पर पंचायत समिति प्रीति देवी, सुमन कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य व कई अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्रामपुर के मजदूर की हैदराबाद में हत्या



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित वार्ड 16 के एक मजदूर की हैदराबाद में हत्या कर दी गयी। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित वार्ड 16 निवासी स्व दशरथ राम का 30 वर्षीय पुत्र रघुनंदन राम एक माह पहले हैदराबाद मजदूरी का कार्य करने गया था। जहां पिछले दिनों बुधवार को अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया था। मृतक के साथियों ने काफी खोजबीन के बाद इसकी सूचना हैदराबाद पुलिस को दी। पुलिस शव को झाड़ी से बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हत्या कांड की जांच कर रही है। इधर दो दिन बाद मृत युवक का शव एम्बुलेंस से विश्रामपुर पैतृक आवास पहुंचा। शव पहुंचते ही विश्रामपुर में कोहराम मच गया। परिजन रघुनंदन के हत्यारों को सजा दिलाने का मांग कर रहे है। रघुनंदन की मौत की खबर पा कर निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी,समाजसेवी विजय कुमार रवि, युवा समाजसेवी विजय पेंटर सहित कई लोग मृतक के घर गये व परिजनों को ढांढस बंधाया।

### पंडवा में फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का कार्यालय खुला



**पंडवा पलामू।** पंडवा में पंडवा पाटन मुख्य पथ पर शुक्रवार को पंडवा फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का कार्यालय खुला। उद्घाटन भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार, पंडवा प्रमुख गीता मेहता व बीटीएम अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि किसान भाई उत्पादक संगठन से जुड़ कर बीज, खाद मशीनरी, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक और तकनीकी सहायता ले सकते हैं। एफपीओ किसान के लिए वरदान साबित होगा, किसान अगर एकजुट हो जाए तो कुछ भी कर सकते हैं। पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन लघु व सीमांत किसानों को एक साथ लाने का काम कर रहा है। इस मौके पर आजसू जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा, बीटीएम अमित कुमार, ग्रामीण बैंक के अभिषेक तिवारी, एसबीआई से संजय कुमार, कंपनी के अध्यक्ष दुर्गेश पाठक, सचिव ओमकारनाथ, कोषाध्यक्ष सुमित्रा देवी, भाजपा नेता अशोक तिवारी, संरक्षक दिलीप कुमार मेहता, निदेशक काशीनाथ मेहता, किसान अवध बिहारी मेहता, शशि रंजन मेहता किसान मित्र ओम प्रकाश मेहता श्याम बिहारी मेहता बाबूलाल मेहता सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### पीइसीइ परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर।** पीइसीइ परीक्षा 2023 का आयोजन सदर अनुमंडल मेदनीनगर अंतर्गत विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल, जिला स्कूल, एलीट पब्लिक बीएड कॉलेज, आर के गिरिवर+ 2 विद्यालय, केजी स्कूल, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय, ब्राह्मण उच्च विद्यालय में किया जायेगा। परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### सिंगरा का वातावरण हुआ भक्तिमय



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड एक सिंगरा खुद का वातावरण भक्ति में हो गया है। सिंगापुर में श्री रामचरितमानस रामायण पारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ का 31 वां अधिवेशन चल रहा है जो 21 से 29 अप्रैल तक चलेगा। महायज्ञ में बाहर से आए विद्वान प्रवचन दे रहे हैं यह सुनकर इलाके के लोग भक्ति में हो गए हैं। नवाहन परायण महायज्ञ में अयोध्या से पधारे पंडित मधुसूदन शास्त्री, कानपुर के प्रज्ञा मिश्रा, वाराणसी के पंडित तेज बहादुर शास्त्री, मिजार्पुर के श्यामल मिश्रा प्रवचन दे रहे है। महायज्ञ के आयोजन को लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष उमेश शुक्ला, उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला, सचिव ओमप्रकाश शुक्ला, संरक्षक लव कुमार शुक्ला, सह संरक्षक दिलीप शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, प्रविल राम, सुनेर राम आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है।

## जब तक चुनाव नहीं होता हम सबों की जवाबदेही ज्यादा : महापौर

**योजनाओं की गुणवत्ता पर पैनी नजर रहेगी : अरुणा शंकर**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन कार्यालय में कई योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कई चौक चौराहों के नामों का शीलापट का अनावरण एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर महापौर ने कहां आज हम सबों का सत्र 18-23 कार्यकाल का अंतिम दिन है अब तक हम सब मिलकर हर योजनाओं को बनाते थे और मैं अपनी निगरानी में क्रियान्वयन कराती थी, ताकि बेहतर काम हो सके। अब मैं प्रहरी के रूप में हर योजनाओं पर पैनी नजर रखूंगी, ताकि मेरे कार्यकाल में बनाई गई हर योजनाएं धरातल पर सही ढंग से उतरे। महापौर ने कहा हमारे निगमकर्मियों की टीम काफी ऊर्जावान एवं संवेदनशील है और झारखंड का शानदार प्रदर्शन करने वाला टीम तभी हम सब जीरो से 2022 में भारत सरकार स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन हो पाये। आशा है इन सब के देखरेख में हमारी सारी बनाई गई योजनाएं अच्छे ढंग से मूर्त रूप लेगी। महापौर ने कहा हमारे सारे पार्षद भाई-बहने उप महापौर मेरे छोटे भाई मंगल सिंह सभी ने अपने अपने क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन किए, हर क्षेत्र में काम हुआ मैं उनका सम्मान करती हूं और हम सब मिलकर जनहित के सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करते रहेंगे, क्योंकि हम सब हारे हुए नहीं जीते हुए प्रतिनिधि है। महापौर ने अपने सभी जिला एवं निगम प्रशासनिक पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उन लोगों के मार्गदर्शन एवं साथ की वजह से निगम में ऐतिहासिक बदलाव हुआ साथी समय-समय पर उनके मार्गदर्शन की वजह से मैं बेदाग रही। महापौर ने कहा जो योजनाएं स्वीकृत है। जिसका चंद दिनों में टेंडर होगा उसमें वेंडर जोन, सब्जी एवं फल मार्केट, मीट मार्केट, सभी तालाबों का जीर्णोद्धार, कच्चारोवा डैम वाटर पार्क, सभी रोड का चौड़ीकरण, शहरी जलापूर्ति योजना, कोयल में बांध बनवाना प्रमुख है। शुक्रवार को महापौर अरुणा शंकर ने शहीद चौक, जगदेव शर्मा चौक, भारत माता चौक, गांधी उद्यान का उद्घाटन भी किया साथ ही महाराजा अग्रसेन चौक, महाराजा जरासंध चौक, स्वर्गीय हवलदारी राम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे बाबू बैजनाथ सिंह मार्ग के सिलापट का अनावरण कर उस मार्ग एवं चौक का नामकरण करते हुए कहा यह शुभ काम मेरे हाथों से करना लिखा था जिससे कर मैं आज गौरवान्वित हूं।

## नये प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक है : रामचंद्र चंद्रवंशी

**विधायक ने बिश्रामपुर नप मुख्यालय में मान्या वस्त्रालय का किया उद्घाटन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय में शुक्रवार को एक और नया प्रतिष्ठान मान्या वस्त्रालय खुला। वस्त्रालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। चंद्रवंशी ने कहा कि नित नये प्रतिष्ठान खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। बिश्रामपुर शिक्षा का हब तो बन ही चुका है और अब यह शहर व्यवसाय का भी हब बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को कम करने हेतु क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि कोई भी सरकार सभी को रोजगार मुहैया नहीं करा सकती। इसलिए लोगों को रोजगार से जुड़ना होगा। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्र नाथ उपाध्याय,,विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,भाजपा नेता दुर्गा जौहरी,मनीष कुमार,विजय कुमार रवि,संस्थान के प्रो.गोपाल सोनी, विगन सोनी,सत्यम सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नल जल योजना से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : शशि भूषण मेहता

**विधायक ने विभिन्न गांवों में नल जल योजना का किया भूमि पूजन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/निलंबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में आम गरीब जनता को हो रही पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने नल जल योजना के तहत भूमि पूजन किया। इस योजना से लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इसके तहत विधायक ने नीलांबर पीताम्बरपुर प्रखंड के ग्राम कुंदरी अंबेडकर चौक, ग्राम पिपरा खुर्द, ग्राम दारुडीह में जल नल योजना का भूमि पूजन नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद से लेकर आज तक इस विधानसभा क्षेत्र में आम लोगों के मूलभूत सुविधाओं को दूर नहीं किया जाना बेहद दुख की बात है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पाकी विधानसभा क्षेत्र अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। आज केंद्र की मोदी सरकार एवं झारखंड में पूर्व भाजपा की सरकार के कारण नक्सलवाद पर काफी हद तक लगाम लगाया गया है। इसके बावजूद भी पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पाकी विधानसभा क्षेत्र के गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का काम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। वही नल जल योजना से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। श्री मेहता ने कहा कि मेरे रहते पाकी विधानसभा क्षेत्र को लूटने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर,तरहसी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, भीम शुक्ला,चंदन सोनी, सुधीर तिवारी,पिपरा पंचायत के मुखिया शैलेश सिंह, जितेंद्र मेहता, जितेंद्र शुक्ला, दारूडीह पंचायत के मुखिया बिगन महतो व अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू फ्री करे : बीनू सिंह

**बालू की घोर किल्लत दूर हो वरना डाल्टनगंज में होगा महाधरना**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रास्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने शुक्रवार को मेदिनीनगर में कहा कि बालू की वजह आम जनता, व्यवसाई, मजदूर, राजमिस्त्री, निर्माण कार्य से जुड़े अन्य लोग परेशान हैं। पीएम आवास निर्माण कार्य के लिए बालू नहीं मिलने से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। जबकि अधिकारी निरीह गरीब लोगों के खिलाफ सार्टिफिकेट केस कर रहे हैं। यह कैसा इंसाफ है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। बालू का अवैध कारोबार अधिकारी कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। इसके खिलाफ वह उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट है। अगर बालू घाटों की बंदोबस्ती होती तो सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। 'पलामू के अधिकारी ग्रेड वन छोटी नदियों से बालू उठाव की अनुमति देकर जनता को मूर्ख बनाने का काम कर रहे है। पलामू की अधिकांश छोटी नदियों में बालू नाम की कोई चीज है ही नही। इन नदियों में एक ट्रेक्टर भी बालू नही है। अधिकारी जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करें।' उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रण होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। आने वाले दिनों में बालू को लेकर पुलिस प्रशासन और जनता के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है सरकार और प्रशासन बालू को लेकर निर्णय ले या टकराव से निबटने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो मेदिनीनगर मुख्यालय में विशाल धरना दिया जायेगा। फिर भी समाधान नहीं किया जाता है तो राज्य मुख्यालय रांची में आंदोलन किया जाएगा।

## उपमेयर ने विवाह मंडप निर्माण का किया भूमि पूजन



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू के तत्वाधान में श्री गोरखनाथ शिव मंदिर हमीदगंज कुंड के प्रांगण में प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाधिराज जरासंध जी के नाम पर विवाह मंडप सह भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन किया गया। नगर निगम के उपमेयर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह ने भूमि दान में दिया। उन्होंने कहा कि विवाह मंडप बन जाने से गरीब परिवार के लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर डॉ गणेश प्रसाद, मों कलाम, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, निलय चंद्रवंशी, अमित कुमार रिंकू, आकाश कुमार, सुधीर कुमार, अश्विनी चंद्रवंशी, अमित चंदेल, विष्णु चंद्रवंशी, जितेन्द्र चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, रामनरेश चंद्रवंशी, श्यामलाल चंद्रवंशी, शिवशंकर भंडारी, विकास कुमार, विकास कश्यप, शैलेन्द्र कुमार शैलू, दिलीप कुमार दिल्लू, विजय चंद्रवंशी, ट्विंकल चंद्रवंशी, संजय कुमार, रामनाथ चंद्रवंशी, महेश कुमार, दिपक कुमार, सतीश चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, लल्लू राज, बिनोद चंद्रवंशी, कुणाल किशोर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जख्मों पर सीएम ने लगाया मरहम : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दीप्ति कुमारी एक ऐसा गुमनाम चेहरा जो बड़े हस्ताक्षर को अपने उंगलियों से निशाना लगाना सिखाई और पद्मश्री मिला। दीप्ति कुमारी आज खुद मुफलशी के जिंदगी गुजार रही है। इंटरनेशनल तीरन्दाजी गेम के लिये कर्ज लेकर चार लाख रुपये में धनुष खरीदी पर अनहोनी धनुष टूट गया सपने बिखर गए। घर वापसी हुई तो मां हार्ट अटैक के मरीज मेडिका अस्पताल में मिली, घर चलाने के लिए अरगोड़ा में चाय के दुकान पर गई तो रांची नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त में दुकान सफाया मिला बस क्या था जिन्दगी से निराश दिल टूट गया। तीर लक्ष्य को न बेध सका तीर दिल को जख्मी कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरीयम आवासीय विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मदद करने की गुजारिश की। मंत्री ठाकुर ने हर सम्भव मदद का भरोशा दिया। अविनाश देव ने बताया कि मंत्री ठाकुर ने कहा कि हेमन्त हैं हिम्मत रखो और झारखण्ड मंत्रालय में मुख्यमंत्री ने कुमारी दीप्ति प्रजापत्ति से आधे घंटे तक मिलकर समस्या को गहराई से जाने और समझे। इस मौके पर खेल मंत्री हफिजूल हसन साहब मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आशीर्वाद मिला कहे खिलाड़ियों से हम बेपनाह मोहब्बत करते हैं धनुष भी मिलेगा और नौकरी भी देंगे। राज्य का नाम रौशन करो। अविनाश देव ने कहा की इस सहयोग के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आजीवन आभारी रहूंगा।

### कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ



**पांकी(पलामू)।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा की भगवान प्रभु श्री जी की तरह सेवा की भावना हमसबों में होनी चाहिए। वे पीपरा पीपराटांड थाना क्षेत्र के ग्राम होटवार में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच बोल रहे थे। उन्होंने कहा की सनातनी धर्म ध्वजा को हमेशा ऊंचा बनाए रखें। इसके लिए सभी सनातनियों को धर्म का ज्ञान होना आवश्यक है। सनातन संस्कृति ही इस संसार का मूल आधार है। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला ,पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ होटवार से पैदल चलकर अमानत नदी के तट पर पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरने के पश्चात श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे और कलश यात्रा का समापन हुआ। मौके पर निरंजन यादव, अमलेश यादव, नागेंद्र यादव, दुलारी प्रजापति, नंदलाल कुमार यादव, धरमू रजक, निरंजन कुमार प्रजापति, अरुण यादव, उदय यादव आदि थे।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने परशुराम जन्मोत्सव में दिखाई अपनी सांगठनिक क्षमता



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा अपनी अमिट छाप छोड़ गई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर मेदिनीनगर शहर में शोभायात्रा निकालकर राष्ट्रीय परशुराम सेना ने एक नया मानदंड स्थापित किया है। शोभा यात्रा में सभी आयु वर्ग के विप्र जनों की उमड़ी भीड़ ने अन्य जाति/वर्गों को अपनी सांगठनिक क्षमता का एहसास करा दिया है। पलामू के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले अपने बंधु बांधवों को पहली बार लगा कि विषम परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहने वाला एक सशक्त संगठन उनके साथ है।शोभायात्रा में भगवान परशुराम के स्वरूप में चल रहे विप्र पुत्र जमदग्नि पुत्र होने की वास्तविकता का एहसास करा रहे थे। बुलेट राइडर्स की गजराज चाल, शहर की सड़कों पर नई गाथा लिखते नजर आई। परशुधारी असंख्य युवक समाज के उज्वल भविष्य की पटकथा गढ़ रहे थे।दानवीर अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) की दानवीरता, भामाशाह के त्याग को पीछे छोड़ती दिखी। प्रमंडल के दर्जनों गांव से मेदिनीनगर पहुंचा विप्र प्रवाह का विप्र महासागर में मिलने का अद्भुत नजारा दृष्टिगोचर हो रहा था।समाज का अंगड़ाई लेने अथवा करवट बदलने का मुहावरा झूठा साबित होकर जागृत विप्र समाज का दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। ब्राह्मण कभी एक नहीं हो सकते का जुमला भी स्वयं में लज्जित होकर एकजुटता निहार रहा था। पलामू की धरती पर पहली बार स्वतः स्फूर्त उमड़ी विप्र जनों की भीड़ को विप्र कुंभ कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। मेदिनीनगर की सड़कें परशुराम वंशज की एकजुटता का गवाह बनी और राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने में कामयाब दिखी जिसके एक आह्वान पर विप्र समाज खुल कर प्रमंडलीय मुख्यालय में जुटा।

## आम आदमी पार्टी ने निकाला सदस्यता रथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदनीनगर।** जीएलए कॉलेज के पास आम आदमी पार्टी ने एक समारोह का आयोजन किया। इसमें पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पलामू के संगठन विस्तार प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार,जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने सदस्यता रथ को रवाना किया। इस मौके पर राकेश तिवारी के नेतृत्व में आप वारियर्स का एक आप स्क्वायड गठित किया गया। इसमें लगभग 25 युवाओं को आने वाले 90 दिनों के भीतर सौ स्थानों पर सदस्यता शिविर लगाकर रथ के माध्यम से दस हजार लोगों को जोड़ने का एक कार्यक्रम किया जायेगा। सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की पलामू हमेशा से संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में इस रथ के माध्यम से आम आदमी पार्टी की विचारधारा को पलामू के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के मिशन का प्रारंभ पार्टी ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि पलामू में पार्टी न सिर्फ बूथ स्तर तक अपने संगठन का विस्तार करेगी, बल्कि पिछले दिनों दीपक प्रकाश के द्वारा आप को झारखंड प्रदेश में बिना जनाधार वाली पार्टी बताने के उस बयान पर भी कुठाराघात करेगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र का विवाद: भवन निर्माण का स्थल बदलने की मांग पर अड़े ग्रामीण



नीलांबर पीतांबरपुर। ग्राम पंचायत कुंदरी गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप आंगनबाड़ी केंद्र का स्थल चयन होने पर विवाद गहराते जा रहा है। ग्रामीण आंगनबाड़ी के निर्माण स्थल को बदलने पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान को आगनबाड़ी बनाने के लिए चयनित किया गया है वह भूमि हाल के दिनों में ही फोटो हो खेल मैदान बनाया गया है जिसमें सरकारी राशि लगाई गई है तथा उसी में चेंजिंग रूम और शौचालय बनाया गया है। प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण स्थल बदलने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलांबर पितांबरपुर को स्थानीय ग्रामीणों ने जनवरी माह में ही लिखित आवेदन दिया था। लेकिन लगभग 4 माह बीतने के बाद भी उक्त विवादित स्थल को अभी तक बदला नहीं गया। ग्रामीणों ने अनुपयोगी स्थल पर केंद्र बनाने का विरोध करते हुए अधिकतर ग्रामीणों की मांग के अनुरूप सर्वाधिक उपयुक्त स्थल पूर्वबारा टोला देवी मंड़प के पास ही आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की मांग की है। ग्रामीण संजय कुमार सुदर्शन भुईयां, अशोक साहू, राम जी राम, सिकंदर, सोनी देवी ओम प्रकाश, विजय कुमार सुदेश्वर सिंह राकेश पाल रमेश विश्वकर्मा संगम पाल उमेश मेहता आशा देवी धनु कुमार फागुन पासवान गणेश पासवान मांझी दिवाकर पाल सहित सैकड़ों ग्रामीणों मौजूद थे।

## तापमान व पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी को पर्यावरण धर्म के तहत करना होगा पौधरोपण : कौशल किशोर जायसवाल

- आकाश बाग में पौधरोपण कर पर्यावरणविद ने मनाया अपनी पोती का जन्मोत्सव
- हालिया रिपोर्ट में अचानक बढ़ा पलामू का तापमान से बढ़ी चिंता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर एवं दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम रोड के समीप निजी भूमि पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 5 वर्षीय पोती अनुषा के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। पर्यावरणविद ने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए। धर्म के अवधारणा के तहत जन, जल, जंगल, जमीन, जानवर, पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। अगर पलामू प्रमंडल को प्रकृति की ब्लैक शैडो जोन से मुक्ति दिलाना है तो सभी लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा। नहीं तो वो दिन अब दूर नहीं जैसे दक्षिण अफ्रीका के शहर केप टाउन को दुनिया का पहला जल मुक्त शहर वहां का सरकार ने घोषित कर दिया है। समय रहते जल, जंगल बचाने पर ध्यान नहीं दिए तो अब पलामू की ही वह दुर्दिन देखने की बारी है। डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए। अनुषा के पिता जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता को पर्यावरण की सेवा करते आज अर्द्धशतक पार कर गए। अनुषा के जन्मदिन पर उसके बड़े पिता प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, गीता देवी, अल्पना देवी, ज्योति जायसवाल, पूर्णिमा कुमारी, रोहित जायसवाल, निकू जायसवाल, सुमित कुमार, अमन कुमार, डॉ अजय जायसवाल मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, डॉ अर्पण, डॉ शिप्रा, नेहा, अनीसा, मधु, अमृता, स्वाति, भोली, जूही, प्रतीक्षा, शिल्पा, नैंसी, श्रुति, किटो,आराध्या, आशिका, आद्रिका, आकाश समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने उसे बधाई देते हुए दीघार्यु जीवन की कामना की।

## मन की बात के 100 वां संस्करण हुसैनाबाद में होगा ऐतिहासिक

### सैकड़ों दिव्यांग और महिलाएं एक साथ सुनेंगे : कर्नल संजय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम बनने के बाद से ही मन की बात कार्यक्रम चला रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री देशवासियों से राजनीतिक से हटकर बात साझा करते हैं। आने वाले 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम का 100वां संस्करण आएगा। पीएम नरेन्द्र मोदी के 100वें संस्करण को झारखंड सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल के पीछे स्थित हमारे आवास पर इस कार्यक्रम का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग संघ हुसैनाबाद अनुमंडल तथा महिला ब्रिगेड के सैकड़ों सदस्य एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी के मन की बात के 100 वां संस्करण को सुनेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उनका कहना था कि इन कार्यक्रमों के पीछे सोच है कि पीएम मोदी द्वारा भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला को बढ़ावा देने की कोशिशों को रेखांकित किया जा सके।

# ग्रामीणों ने रोका सड़क निर्माण कार्य नदी के अतिक्रमण का लगाया आरोप

## त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन बना रही है आठ लेन सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कमार जोरी नदी जो 3 पंचायतों से होकर गुजरती है और जो कतरी नदी की सहायक नदी है एवं इस वक्त आठ लेन सड़क निर्माण के दौरान यह नदी जमुआटांड से होकर भी गुजरती है। जिसके ऊपर सड़क बनाने वाली कंपनी त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन के द्वारा पुल का निर्माण किया गया है। इन दिनों अपने अस्तित्व को बचाने के लिए इस नदी ने इतना आंसू बहाया कि इस नदी का पानी भी सूख गया। क्योंकि 8 लेन सड़क निर्माण कर रही त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा नदी को अतिक्रमण कर दिया गया है। इस मामले को लेकर जमुआटांड के ग्रामीणों ने मुखिया निरंजन गोप के अध्यक्षता में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता किया। मुखिया ने कहा कि त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी कतरी नदी को अतिक्रमण किया गया। उन्होंने कहा कि इस नदी पर 8 गांव के लोग निर्भर है। जहां माताएं बहने स्नान के लिए आती है ,इसके अलावा जानवर यहां पानी पीते हैं। एवं आठ गांवों के लोग यहां शवों का अंतिम संस्कार करते हैं। लेकिन नदी का पानी सूख जाने के कारण अब लोगों को दूसरी जगह शवों का अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता में जमुआटांड के मुखिया निरंजन गोप कतरी नदी बचाओ अभियान के संयोजक लखन महतो दिवाकर महतो छोटन रजक गौतम महतो छोटे लाल रजक साजन रवानी किशनदास मनोज गुप्त श्रवण महतो दुलाल रजवार प्रेम प्रकाश सिंह अर्जुन महतो विक्रम देव उत्तम मंडल कुंदन महतो आदि मौजूद रहे।



### नदी को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए रोका काम

5 मई को वर्ल्ड बैंक की टीम 8 लेन सड़क का निरीक्षण करने के लिए आने वाली है। उससे पहले ही शनिवार को नदी की साफ सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर जमुआटांड के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। सड़क निर्माण कार्य रुकने के बाद कंपनी के मैनेजर पहुंचे लोगों को समझाया लोगों के साथ नोकझोंक भी हुई, लेकिन लोग नहीं माने ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि जब तक कमार जोरी नदी को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाएगा ,तब तक सड़क निर्माण का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। आगे ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

## विस्थापित महिला मोर्चा ने 19 डी सेल प्वाइंट पर किया प्रदर्शन और सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** रिजेक्ट सेल में भागीदारी को लेकर विस्थापित महिला मोर्चा द्वारा कथारा वाशरी 19 डी सेल प्वाइंट पर गुरुवार को प्रदर्शन एवं सभा आयोजित किया गया। नेतृत्व महिला मोर्चा की अध्यक्षता कांति सिंह के द्वारा किया गया।रेलवे कॉलोनी कथारा के समीप 19 डी रिजेक्ट सेल प्वाइंट में प्रदर्शन के बाद स्थानीय खेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महिला नेत्री कांति सिंह ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर आंदोलन को कमजोर करने में लगे हैं। उनके रहते यह संभव नहीं है। मौके पर मड़इया टोला महली बांध की गीता देवी, शीला देवी, मंजू देवी, गुंजा देवी, सुतरी देवी, गेंदिया देवी, प्रमिला देवी, हरनी देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, पपली देवी, सबीता देवी, लक्ष्मी देवी, कमल टोला की तारा देवी, ममता देवी, शांति देवी, परवा देवी, बबीता देवी, सुंदरवा देवी, पूनम देवी, जसवा देवी, धुनवां देवी, कुनवां देवी, तिलेशरी देवी, करणीयां देवी आदि मौजूद थे।



## शहर में गोली चला दहशत फैलाने वाले चार आरोपी को पुलिस ने दबोचा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विगत 15 अप्रैल की रात सिटी सेंटर स्थित कोजी स्वीट्स के निकट एक होटल में गोलियां तड़तड़ा कर शहर में दहशत फैलाने वाले गिरोह के चार मुख्य अपराधियों बीएस सिटी थाना क्षेत्र के दूंदीबाद निवासी कौशल बिहारी उर्फ कौशल कुमार प्रसाद, एलएच मोड़ का गौरव कुमार तिवारी, हरला थाना क्षेत्र के पचौरा का अमित महली तथा कॉपरेटिव कॉलोनी का बबलू किलोह उर्फ आशुतोष गौतम को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एसपी चंदन कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि इनके पास से एक देशी कारबाईन, 9 एमएम के 5 जिंदा कारतूस, कार्बाइन की एक खाली मैगजीन, 9 एमएम का एक देशी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस सहित गोली चलाने की घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की अपाची बाइक तथा होंडा बाइक भी बरामद हुआ है। कौशल बिहारी पर नगर के विभिन्न थानों में 9 से ज्यादा आपराधिक मामले व गौरव तिवारी पर 8 गम्भीर मामले दर्ज हैं। बतौर पुलिस अधीक्षक किसी सफेदपोश के संरक्षण की सम्भावना के साथ 2.3 अन्य अपराधियों की संलिप्तता भी है पुलिस उसकी भी जांच में जुटी हुई है।

## बोकारो: गुणवत्ता वृद्धि की तकनीकी सेवाओं से अवगत हुए प्रबंध प्रशिक्षु



**बोकारो।** बीएसएल के टेक्निकल सेल द्वारा 2023 बैच के प्रबंध प्रशिक्षुओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सीजीएम अजय कुमार, जीएम आनंद प्रसाद, एजीएम ज्योति, वरीय प्रबंधक नीरज कुमार, प्रबंधक राकेश सांकृत्य सहित अन्य अधिकारी व वरीय प्रबंधक (एचआरडी) डी के सिंह एवं 2023 बैच के प्रबंध प्रशिक्षु उपस्थित थे। वक्ताओं ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षुओं को बोकारो स्टील प्लांट में उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े कंसल्टेंसी सेवाओं के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्रबंध प्रशिक्षुओं को इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में नवीनतम पर्यावरण टेक्नोलोजी एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी हासिल करने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत विदेशी मूल के पार्ट्स एवं उपकरणों के समतुल्य भारतीय विकल्प ढूंढने तथा तथा इसके उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

स्पीड न्यूज

## कार्यालय कार्यो में हिंदी के उपयोग पर बल

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग में सीजीएम (एचआरडी) मनीष जलोटा की अध्यक्षता में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जीएम (एचआरडी) सुश्री नीता बाए वरीय प्रबंधक (राजभाषा) एवं बीएसएल के हिन्दी अधिकारी शशांक शेखर सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री जलोटा ने राजभाषा की महत्ता बताते हुए दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। शशांक शेखर ने राजभाषा संबंधित नियमों, अधिनियमों तथा यूनिकोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा हिन्दी से संबंधित एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया जांच शिविर

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी महिला समिति के सौजन्य से चिरकुंडा के तालडांगा रेलवे फाटक के समीप आरएस फार्मा क्लिनिक में डॉ कुमार पुष्पल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुरूआत समिति के अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने की।शिविर में 24 मरीजों का निशुल्क जांच किया गया। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध डॉ कुमार पुष्पल ने कहा कि शिविर का आयोजन मारवाड़ी महिला समिति के सौजन्य लगाया गया है इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। लोगों की लापरवाही से रोग बड़ा हो जाता है उसे बढ़ने के पहले ही दिखवाना चाहिए। मौके पर मंजू अग्रवाल, ज्योति खरकिया, भगवती रुंगटा, ललिता अग्रवाल, कुसुम खरकिया, सीमा अग्रवाल, ललिता तुलसियान, किरण अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, सरला अग्रवाल, नेहा केडिया, रेनू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन का मिला प्रशिक्षण

**धनबाद।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप के निर्देश पर आज बाल विकास परियोजना कार्यालय, निरसा व गोविंदपुर में एक दिवसीय पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर नेशन ई गवर्नेंस डिवीजन के राज्य समन्वयक बबलू कुमार एवं स्मृति चंद्र दास (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धनबाद) के द्वारा पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही आधार वेरिफिकेशन, मोबाइल वेरिफिकेशन, लाभार्थी पंजीकरण, लाभार्थी को टेक होम राशन, बच्चों की वृद्धि की निगरानी एवं टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। इसमें लगभग 400 सेविकाएं मौजूद थी। साथ ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आलोक चौधरी एवं 13 महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

## वनोपज से जीविकोपार्जन पर कार्यशाला आयोजित



**बोकारो।** सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड झारखंड सरकार द्वारा कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित बोकारो क्लब में जिला वन प्रंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला की शुरूआत उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया ने संघ के बारे में विस्तार से बताया तथा जिले के 253 पैक्सों को जुड़ने का अनुरोध किया। कार्यशाला के दौरान धनबाद सांसद प्रतिनिधि भैया आर एन ओझा, बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि वीरभद्र सिंहए बेरमो विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारी, जिला के सभी पैक्सों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## 75 प्रतिशत नियोजन स्थानीय को मिले

### नियोजन को लेकर मामुमो ने हर्ल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी कारखाने में संविदा और स्थायी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नियोजन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार महतो के नेतृत्व में हर्ल मुख्य गेट पर शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 दिनों के अंदर हर्ल प्रबंधन झामुमो के साथ मिलकर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू द्वारा 17 जनवरी 2022 को हर्ल कंपनी में कार्यरत स्थानीय व बाहरी मजदूरों की सूची झामुमो सिंदरी स्थानीय समिति को स्पष्ट करने के लिए प्रबंधन को पत्र दिया था। जिला अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 23 फरवरी 22 को त्रिपक्षीय वार्ता के अनुसार हर्ल प्रबंधन द्वारा 7 दिनों में स्थिति स्पष्ट करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि विगत 185 दिनों से लगातार झामुमो हर्ल गेट पर धरना जारी रखी है, लेकिन प्रबंधन अड़ियल रवैया अपना रही है। नारेबाजी में मुख्य रूप से अशोक कुमार महतो, नाजु सिंह, कृष्णा कुम्हार, सुजीत मुर्मू, शिवलाल मुर्मू, बानेश्वर हैम्ब्रम, सुरेश मंडल, संतोष सिंह, अजय कालिंदी, पलटू रवानी, विश्वजीत गोराईं, तपन गोराईं, उत्तम प्रमाणिक सहित झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वेदांता ने मलेरिया से बचाव के लिए किया जागरूक

### वेदांता ने मलेरिया दिवस पर लगाया जागरुकता शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल सीएसआर टीम ने सिटीजंस फाउंडेशन के सहयोग से विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर वेदांता ईएसएल के हेल्थ प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत मधुनिया व बाबूराम गांव के नंद घर में किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को मलेरिया के कारणों, लक्षणों, उपायों एवं उपचार के विकल्पों के बारे में बताया गया। जागरूकता के साथ.साथए जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से ग्रामीणों की मलेरिया की जांच भी की गई। शिविर में 80 से अधिक ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा 25 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया। वेदांता ईएसएल लोगों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन करने में आगे रहता है, जिससे एक स्वस्थ झारखंड बन सके।

## पीएम के मन की बात का 100वां संस्करण अवश्य सुनें: राजेश

**सिंदरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात शुरू से चर्चा में रही। देश के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारियों व उपलब्धियों को इसमें समाहित किया गया था। वहीं आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100 वाँ संस्करण का प्रसारण होने जा रहा है। इसको लेकर भाजपा धनबाद जिला युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी ने जिलावासियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100 वाँ संस्करण अवश्य सुनें। इसकी शुरूआत 3 अक्टूबर 2014 से की गई थी। प्रधानमंत्री की अनूठी और क्रांतिकारी पहल मन की बात का यह संस्करण ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात समावेशी और जन केन्द्रित शासन के सिद्धांत पर आधारित है। देश की जनता के साथ सीधा संवाद और लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत और असाधारण कार्य करने वाले आम भारतीयों का जश्न मनाने का एक मंच साबित हो रहा है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि अनूठी पहल के तहत संस्कृति सचिव गोविंद मोहन द्वारा देश के 13 प्रतिष्ठित स्थानों पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो किया जाएगा।

## बच्चों को लगाया गया खसरा-रूबेला का टीका



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रुबेला तथा खसरा मुक्त भारत अभियान के तहत 28 अप्रैल , शुक्रवार को जी. जी.सी.ई.टी. सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद में रुबेला तथा खसरा का टीकाकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अभियान की तैयारी विद्यालय-प्रबंधन कई दिनों से कर रहा था। इस कार्यक्रम में नर्सरी से 10वीं कक्षा तक के बच्चों का टीकाकरण हुआ। बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए टीकाकरण की सूचना उनके अभिभावकों को पहले दे दी गई थी तथा टीकाकरण के वक्त बच्चों के अभिभावक भी विद्यालय में उपस्थित थे। टीकाकरण के पूर्व शिक्षकों द्वारा बच्चों को इसके लाभ बताते हुए खसरा और रुबेला के प्रति जागरूक भी किया गया तथा अभिभावकों को भी टीकाकरण अभियान की उपयोगिता से परिचित कराया गया।इस पूरे कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित श्री मृत्युंजय कुमार ने बताया कि भारत सरकार प्रतिवर्ष देश के बच्चों को विभिन्न बिमारियों से बचाने हेतु टीकाकरण अभियान चलाती है उसी अभियान के तहत धनबाद के सभी विद्यालयों में रुबेला तथा खसरा का टीका लगाया जा रहा है।

एक नजर में

## वीसी सखी प्वाइंट का मुखिया ने किया उद्घाटन



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सोनपूरा पंचायत के सामुदायिक भवन में महिला मंडल की ओर से वीसी सखी प्वाइंट का उद्घाटन सोनपूरा मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम ने किया। वीसी पॉइंट से पैसा जमा एवं निकासी, बीमा, आयुष्मान भारत, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अनुदान भुगतान, बिल भुगतान आदि कई सुविधा दी जायेगी। मुखिया चन्द्रशेखर हेम्ब्रम ने कहा कि लोगों को पेंशन लेने के लिए 5 से 6 किमी दांतू तक की दूरी तय करने के बाद ही पैसा की जमा व निकासी करते थेए अब केंद्र खुलने से लोगों को मिलेगी राहत। मौके पर सोनपूरा पंस सदस्य पूनम मरांडीए वार्ड सदस्य किरण देवी, अनिता देवी के अलावा ग्राम संगठन के अध्यक्ष संयोति देवी, एनआरएम, शम्भू कुमार, सीएफपी राहुल कुमार, जेएसएलपीएस के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, लक्ष्मी देवी समेत दर्जनों महिला समूहों के महिलाएं उपस्थित थीं।

## दलित-शोषण मुक्ति मंच की कसमार में बैठक



**बोकारो/कसमार।** दलित शोषण मुक्ति मंच की बैठक कसमार पोस्ट ऑफिस के निकट पोण्डा पंचायत के पूर्व पंस सदस्य प्रतिनिधि मंन्टू रजवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएसएमएम के बोकारो जिला कमेटी के संयुक्त सचिव सह गर्री पंस सदस्य प्रतिनिधि राजेश कपरदार ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंच बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये हुए रास्ते पर काम करता है। हमें संविधान की रक्षा के लिए काम करना होगा। बाबा साहब का प्रयास था कि दलित समाज शिक्षित हो उनके प्रयास को साकार करने के लिए हमें शिक्षित होना होगा। सर्वसम्मति से डीएसएमएम के प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रमोद घांसी, उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र घांसी, सचिव किशुन कपरदार, उप सचिव भूपेश कपरदार एवं कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार कपरदार बनाए गए। बैठक में प्रेमचन्द घांसी, विष्णु कपरदार, दिलीप तुरी, विमल कपरदार, संटू कपरदार, विरेन्द्र कपरदार, वचन कपरदार विरेश्वर कुमार, सिद्धेश्वर कपरदार, भीम कपरदार, मुक्तेश्वर तुरी, मनोज तुरी आदि उपस्थित थे।

## टीबी मरीजों को मिली खाद्य सामग्री

**बेरमो।** शुक्रवार को केबी कॉलेज बेरमो द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी के पांच रोगियों को दुसरी बार पोषाहार खाद्य सामग्री दिया गया । के बी कॉलेज बेरमो ने बेस्ट प्रैक्टिस एवं सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ एंव परिवार कल्याण मंत्रालयए भारत सरकार के अवहान पर निक्षय मित्र के रूप में निबंधन कराया है।

## जन समस्याओं का करें समाधान: उपायुक्त

### राशन नहीं मिलने की शिकायत की

टुंडी प्रखंड के रतनपुर ग्राम पंचायत के कमलपुर गांव से आए शिकायतकर्ता ने जन वितरण दुकानदार द्वारा राशन न देने एवं दुकानदार द्वारा राशन की कालाबाजारी करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। शिकायतकर्ता ने आवेदन के माध्यम से बताया कि दुकानदार 3 माह में एक बार राशन देता है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को उपायुक्त श्री संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में निरसा से आए मंतोष गोराई ने ब्लाइंड स्कूल, जगजीवन नगर, धनबाद में अपने दोनों नेत्रहीन बच्चों के नामांकन के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके दोनों लड़के जन्म से ही नेत्रहीन है। उनके भविष्य को देखते हुए ब्लाइंड स्कूल में नामांकन आवश्यक है। उपायुक्त ने इस मामले को समाज कल्याण पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। इस दौरान बलियापुर से आए दिव्यांग घुटु महतो ने प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण को लेकर उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह जन्म से ही दिव्यांग है और उन्हें शौचालय एवं आवास के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## बेरमो: इनमोसा ने कथारा के नये महाप्रबंधक का किया स्वागत

**बेरमो।** कांफ्रेंस हॉल महाप्रबंधक कार्यालय एकथारा क्षेत्र में इनमौसा कथारा क्षेत्र द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह उप महासचिव सीसीएलए विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नव पदस्थापित महाप्रबंधक डीके गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया गया एसाथ ही साथ परिचयात्मक बैठक भी महाप्रबंधक के साथ की गई !बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने सभी माइनिंग स्टाफ को पीपीई किट का उपयोग करने का निर्देश दिए तथा मुस्तैदी एवं सुरक्षा के साथ अपने कार्यों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किए !इनमौसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा महाप्रबंधक को आश्वस्त किया गया कि हम लोग कथारा क्षेत्र के साथ.साथ पूरे सीसीएल के सभी क्षेत्रों में पूरी सुरक्षित तरीके से उत्पादन करने में अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमारए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान एबीएन के क्षेत्रीय सचिव डी पी मौर्या आदि मौजूद थे।

## धनबाद स्टेशन पर रेलवे और एनडीआरएफ ने किया मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रेलवे स्टेशन के दक्षिणी हिस्से के प्लेटफार्म संख्या 7 पर अचानक ट्रेन दुर्घटना की खबर से सायरन की आवाज सुनाई देती है और अचानक चीख पुकार मच जाती है। देखते ही देखते रेलवे की बचाव टीम मौके पर पहुंचती है, साथ में एनडीआरएफ के जवान भी रेस्क्यू में लग जाते हैं। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से रेलवे अस्पताल भिजवाया जाता है। तब तक रेलवे की सेफ्टी टीम और वरीय अधिकारी डीआरएम केके सिन्हा के नेतृत्व में पहुंच जाते हैं और राहत और बचाव कार्य को तेज करने का निर्देश देते हैं। दरअसल धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी क्षोर पर एनडीआरएफ और रेलवे का संयुक्त मॉक ड्रिल कर रही थी। रेलवे में हादसे के दौरान आपातकाल स्थिति से निपटने की रेलवे की तैयारी है। यार्ड में सवारी गाड़ी एक बोगी को दूसरे बोगी पर चढ़ा कर यह दशार्या गया कि आपातकाल स्थिति में यात्री ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने पर किसी तरह से बचाव कार्य चलाया जाएगा।

धनबाद रेल मंडल आपातस्थिति में निपटने के लिए कितनी तैयार है इसकी वस्तुस्थिति को जानने के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान धनबाद रेल मंडल के मंडल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, आरपीएफ कमांडेट समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ की टीम, आरपीएफ, जीआरपी, एनसीसी की टीम समेत कई टीमें बचाव कार्य मे लगी रहीं।

### इस तरह हुआ मॉक ड्रिल

रेल दुर्घटना से बचने और विपरीत परिस्थितियों में प्रभावी रूप से निपटने के लिए रेलवे और एनडीआरएफ के द्वारा संयुक्त अभ्यास किया गया। राहत बचाव टीम को पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी के पटरी से डिरेल होने की खबर मिली। इसके बाद 20 मिनट के भीतर ही टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। वहां पहुंचते ही टीम ने अपना अभ्यास शुरू कर दिया। इस तरह रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल शुरू किया गया।

## मन से जन की बात

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पद संभालने के पांच महीने बाद अक्टूबर 2014 में मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत की थी। इसकी 100वीं कड़ी कल प्रसारित होगी। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम 30 मिनट का होता है जो आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होता है। इस विशेष कार्यक्रम में वह राष्ट्र को संबोधित करते हैं और विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं। कल होने वाले इस कार्यक्रम के लिए विशेष तैयारी हो रही है। पूरी दुनिया में इसका प्रसारण होगा। इस अवसर पर सरकार 100 रुपये का सिक्का भी जारी करेगी। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), रोहतक के अनुसार यह कार्यक्रम अपनी शुरूआत से अब तक 100 अरब लोगों तक पहुंच चुका है। जनवरी 2015 में प्रसारित इस कार्यक्रम की एक कड़ी में मोदी के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा भी थे। उसमें ओबामा ने भारतीय नागरिकों के सवाल के जवाब दिए थे। मन की बात कार्यक्रम में विज्ञान से लेकर पर्यावरण और बच्चों में परीक्षा के तनाव से लेकर कोविड-19 से बचाव के लिए टीके लगवाने से जुड़े विषयों सभी पर चर्चा हो चुकी है। इसमें प्रधानमंत्री आम नागरिकों के जुड़े विषयों पर पूरी गंभीरता से चर्चा करते हैं। यह बात लोगों के दिलों को छू जाती है। ट्विटर पर मोदी को 8.82 करोड़ लोग फॉलो करते हैं जबकि इंस्टाग्राम पर उन्हें फॉलो करने वाले लोगों की संख्या 7.47 करोड़ है। यूट्यूब और फेसबुक पर उन्हें क्रमशः 1.45 करोड़ और 4.8 करोड़ लोग फॉलो करते हैं। इस कार्यक्रम के प्रसारण के लिए जिस माध्यम का चयन किया गया है वह भी नायाब है। रेडियो के माध्यम से इस कार्यक्रम का प्रसारण होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि देश के सुदूर हिस्सों में रहने वाले लोगों को भी प्रधानमंत्री स्वयं को आसानी से जोड़ लेते हैं।

## प्लास्टिक का कचड़ा?

एक बार इस्तेमाल होने वाले (सिंगल यूज) प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लगाए जाने के तकरीबन 10 महीने बाद भी देश के अधिकांश हिस्सों में उनका इस्तेमाल आम है। हालांकि इनका थोक इस्तेमाल करने वाले कुछ कारोबारियों ने जैविक रूप से अपघटन योग्य विकल्प अपना लिए हैं लेकिन अधिकांश अन्य उत्पादक, विक्रेता और उपभोक्ता अभी भी पहले की तरह बदस्तूर ऐसे प्लास्टिक का प्रयोग कर रहे हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि त्यागे गए प्लास्टिक उत्पादों के संग्रह और सुरक्षित निपटारे के क्षेत्र में भी कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला है। ऐसे में सार्वजनिक प्रदूषण की समस्या और बढ़ी है। सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल सड़कों पर बिखरे रहते हैं बल्कि कचरा फेंकने की जगहों पर भी इन्हें बड़ी तादाद में देखा जा सकता है। इसके अलावा अब यह प्लास्टिक नदियों और समुद्र के रूप में हमारे जल स्रोतों में भी मिलने लगा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने हाल ही में कहा था कि अभी भी अर्थव्यवस्था के निचले दायरे में निपटान योग्य प्लास्टिक की सामग्री, खासतौर पर पतले कैरी बैग का इस्तेमाल बदस्तूर जारी है। प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या के मूल में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों के कमजोर प्रवर्तन को जिम्मेदार माना जा सकता है। केंद्र सरकार ने ऐसे प्लास्टिक उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जो सीमित उपयोग के थे लेकिन जो बहुत अधिक कचरा करते थे। परंतु इसके प्रवर्तन का काम राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सौंपा गया था जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाने में ढिलाई बरती। पूरा दोष केंद्र सरकार पर भी नहीं डाला जा सकता है। इस विषय पर सरकार और समाज दोनों सक्रिय होकर काम करें तो निश्चित समस्या नियंत्रित होगी।

## यह कर्तव्यबोध से भरा भारत है





- प्रो संजय द्विवेदी

1947 के बाद स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, भारतीय भाषाओं और भारतीय जन के सम्मान का जो समय प्रारंभ होना था वह नहीं हो पाया। लोकसेवक, जनसेवक शासक बन बैठे और उनकी मानसिकता वही थी, जो विरासत में मिली थी। इसने देश के स्वाभिमान को जगने नहीं दिया।

आजादी के अमृत महोत्सव से अमृतकाल की यात्रा में देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह आत्मविश्वास 2014 के बाद हर भारतवासी में आया है जो कुछ समय पहले तक अवसाद और निराशा से घिरा था। भरोसा जगाने वाला यह समय हमें जगा कर कुछ कह गया और लोग राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका को रेखांकित और पुर्नपारिभाषित करने लगे। ह्लइस देश का कुछ नहीं हो सकताह्व से ह्लयह देश सब कुछ कर सकता हैह्व तक हम पहुंचे हैं। यह साधारण नहीं है कि कल तक राजनीतिक-प्रशासनिक जड़ता, निर्णयहीनता, नकारात्मक राजनीति और अवसाद से घिरा भारत अवसरों के जनतंत्र में बदलता दिख रहा है। यह आकांक्षावान भारत है, उम्मीदों से घिरा भारत है, अपने सपनों की ओर दौड़ लगाता भारत है। लक्ष्यनिष्ठ भारत है, कर्तव्यनिष्ठ भारत है। यह सिर्फ अधिकारों के लिए लड़ने वाला नहीं बल्कि कर्तव्यबोध से भरा भारत है।

सही मायनों में यह भारत का समय है। भारत में बैठकर शायद कम महसूस हो किंतु दुनिया के ताकतवर देशों में जाकर भारत की शक्ति और उसके बारे में की जा रही बातें महसूसी जा सकती हैं। सांप-संपेरों के देश की कहानियां अब पुरानी बातें हैं। भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में विश्व मंच पर अपनी गाथा स्वयं कह रहा है। अर्थव्यवस्था,भू-राजनीति, कूटनीति, डिजिटलीकरण से लेकर मनोरंजन के मंच पर सफलता की कहानियां कह रहा है। सबसे ज्यादा आबादी के साथ हम सर्वाधिक संभावनाओं वाले देश भी बन गए हैं, जिसकी क्षमताओं का दोहन होना अभी शेष है। भारत के 1 अरब लोग नौजवान यानि 35 साल से कम आयु के हैं। स्टार्टअप इकोसिस्टम, जलवायु परिवर्तन के लिए किए जा प्रयासों, कोविड के विरुद्ध जुटाई गई व्यवस्थाएं, जी-20 के अध्यक्ष के नाते मिले अवसर, जीवंत लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया हमें खास बनाते हैं। चुनौतियों से जूझने की क्षमता भारत दिखा चुका है। संकटों से पार पाने की संकल्प शक्ति वह व्यक्त कर चुका है। अब बात है उसके सर्वश्रेष्ठ होने की। अव्वल होने की। दुनिया को कुछ देने की।

> ऐसी भारत के 1 अरब लोग नौजवान यानि 35 साल से कम आयु के हैं। स्टार्टअप इकोसिस्टम, जलवायु परिवर्तन के लिए किए जा प्रयासों, कोविड के विरुद्ध जुटाई गई व्यवस्थाएं, जी-20 के अध्यक्ष के नाते मिले अवसर, जीवंत लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया हमें खास बनाते हैं। चुनौतियों से जूझने की क्षमता भारत दिखा चुका है। संकटों से पार पाने की संकल्प शक्ति वह व्यक्त कर चुका है।

**नए भारत के शिल्पकार-**

निश्चित यह सब कुछ इतना आसान नहीं था। नौकरशाही की जड़ता, राजनीति के सीमित पांच साला लक्ष्य, समाज में फैली गैरबराबरी और असमानता, क्षेत्रीयता,जातीयता की भावनाओं में बंटा समाज लक्ष्यों में बाधक था और आज भी कमोबेश ये संकट बने हुए हैं। भारत सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ साफ्ट पावर में भी अग्रणी बना है। स्थान-स्थान पर भारतीय प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सम्मानित करने का क्रम भी जारी है जिससे भारत की आत्मा जाग रही है। आप पिछले कुछ सालों में पद्म सम्मानों की सूची का अवलोकन करें तो आपका मन गर्व से भर जाएगा और एक नए भारत को बनता हुआ देख पाएंगें। दिल्ली से निकल देश की संभावनाएं छोटे शहरों और गांवों तक ले जाने के व्यापक प्रयास सब तरफ दिखने लगे हैं। छोटे शहर अपनी संभावनाओं को तलाश रहे हैं, गांव संसाधनों का केंद्र बनने के लिए व्यग्र हैं। श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि- "भारत ने आज जो कुछ हासिल किया है, वह हमारे लोकतंत्र की ताकत, हमारे संस्थानों की ताकत की वजह से संभव हो पाया है। दुनिया देख सकती है कि भारत में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुयी सरकार निर्णायक फैसले ले रही है। हमने दुनिया को दिखा दिया है लोकतंत्र कितना फलदायी हो सकता है।

**नीयत से बदलती नीतियां-**

परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता। यह नैसर्गिक है। किंतु परिवर्तन या बदलाव की दिशा जरूर तय की जा सकती है। सकारात्मक दृष्टिकोण से किए गए काम हमेशा परिणाम देते हैं और उनसे समाज को दिशा मिलती है। बहुत पुरातन और गौरवशाली राष्ट्र होने के बाद भी हमें अपनी कमियों से लगातार आक्रमण, गुलामी और संघर्ष का समय देखना पड़ा। बावजूद इसके ह्यचितिह्न स्वतंत्र रही। राज और समाज की दूरी ने समाज के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को चुकने नहीं दिया। अत्याचार और विदेशी शासकों के दमन के विरूद्ध भारत का संघर्ष जारी रहा। 1947 के बाद स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, भारतीय भाषाओं और भारतीय जन के सम्मान का जो समय प्रारंभ होना था वह नहीं हो पाया। लोकसेवक, जनसेवक शासक बन बैठे और उनकी मानसिकता वही थी, जो विरासत में मिली थी। इसने देश के स्वाभिमान को जगने नहीं दिया। लंबे समय के बाद अच्छे काम पर भरोसा करते हुए जनमानस का जागरण हुआ है। अपने वर्तमान नेतृत्व के प्रति समाज का असंदिग्ध विश्वास है और उनकी क्षमताओं पर नाज। देश ने प्रगति और विकास के नए सोपान तय किए हैं। किंतु भ्रष्टाचार, दिशाहीनता, राजनीतिक निर्णयों में हानि-लाभ के विचार ने उसके संपूर्ण लाभ से वंचित किया। भ्रष्टाचार का घुन अंदर तक प्रवेश कर चुका है। डिजिटलीकरण ने इस पर न सिर्फ अंकुश लगाया है, वरन लोगों को राहत दी है। सुशासन के लक्ष्य इसी पारदर्शिता से पाए जा सकते हैं। 2015 से 2017 के बीच 50 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। भारत आज यूरोप और अमेरीका की तुलना में 11 गुना ज्यादा डिजिटल पेमेंट करता है। आयुष्मान भारत ने 31 करोड़ भारतीयों के लिए मुफ्त कैंसर जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की है। यह एक साधारण आंकड़ा भर नहीं है। नई व्यवस्था में स्वयं सहायता समूहों में लगभग 9 करोड़ महिलाओं को 32 अरब डालर (2.6 लाख करोड़ रूपए) की उधार सुविधा दी जा रही है। ऐसे अनेक उदाहरण हमें गर्व से भर देते हैं। इसी संदर्भ में गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं- 2014 के पहले देश के 60 करोड़ लोग सपना नहीं देख सकते थे। मोदीजी ने उनके जीवन में उम्मीद जगाई है और उनमें महत्वाकांक्षाएं पैदा की हैं।

### खास बात

## गृह मंत्री ने तरल डीएपी देश को समर्पित किया



**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने देश का पहला नैनो डीएपी तरल जारी किया। इसका निर्माण इफको ने किया है। यह परंपरागत डीएपी से सस्ता है। (डीएपी की एक बोरी की कीमत रु. 1350/- है जबकि नैनो डीएपी (तरल) के एक बोतल की कीमत मात्र रु. 600/- है। गुजरात के कलोल, काडंला और ओड़िया के पाराद्वीप में इसका उत्पादन किया जाएगा। 2024-25 तक 18 करोड़ बोतल का उत्पादन किया जाएगा जो 25 लाख टन डीएपी के बराबर होगा। यह तरल डीएवी नाइट्रोजन और फास्फोरस का उत्तम साधन है। किसानों के लिये यह वरदान साबित होगा। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम होगा। ग्लोबल वार्मिग में भी इससे काफी कमी आयेगी।

भारत का घरेलू यूरिया उत्पादन लगभग 26 मिलियन टन है जबकि मांग लगभग 35 मिलियन टन है, इस अंतर को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है।

नैनो डीएपी के मामले में भी वैल्यू चेन में सभी के लिए महत्वपूर्ण लाभ हो सकता है।

गैर-यूरिया उत्पादों पर उर्वरक सब्सिडी का एक बड़ा हिस्सा डीएपी द्वारा अवशोषित किया जाता है क्योंकि इसका व्यापक उपयोग होता है और यह देश में रबी बुवाई के मौसम के दौरान खपत होने वाले मुख्य पादप रसायनों में से एक है।

नैनो यूरिया की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए सरकार ने विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों के तहत 2019-20 से 13 फसलों पर 20 आईसीएआर अनुसंधान संस्थानों और 43 स्थानों पर राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान परीक्षण किए हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सहयोग से नैनो यूरिया का उपयोग करते हुए 94 फसलों पर 11,000 से अधिक किसान फील्ड परीक्षण भी किए गए।

इसमें कहा गया है कि सभी फसलों पर नैनो यूरिया (तरल) के प्रयोग से यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों के अविवेकपूर्ण उपयोग को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

## परस्परोपग्रहों जीवनाम

### विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**साथ निभाएं**

जैन ग्रंथ ह्यतत्वार्थ सूत्रह्न का यह वाक्य जैन धर्म का सूत्रवाक्य माना जाता है। इसका अर्थ है कि सभी जीवित प्राणी एक-दूसरे के सहयोग से जीवन में आगे बढ़ते हैं। इस तरह महावीर युवाओं को साथ मिलकर एक-दूसरे से सीखते हुए ज़िंदगी की राह पर आगे कदम बढ़ाने का संदेश देते हैं।

**सबको क्षमा**

यह जैन दर्शन का एक अनूठा सिद्धांत है। महावीर सार्वभौमिक क्षमा की बात करते हैं। जैन समाज के लोग हर साल भादों के महीने में ह्यपर्यूषणह्न का पर्व मनाते हैं, जिसके तहत आत्मशुद्धि पर बल दिया जाता है। इसी दौरान एक दिन ह्यक्षमावाणीह्न के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग अपनी सालभर की गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगते हैं। यहां तक कि मानव ही नहीं, प्रत्येक जीवित प्राणी के प्रति क्षमाभाव रखा जाता है।

**शाकाहार और स्वस्थ जीवन शैली**

जैन धर्म अहिंसा और शाकाहार पर बहुत अधिक बल देता है। महावीर का मत है कि हमारा आहार हमारी जीवन शैली और हमारे विचारों पर गहरा प्रभाव डालता है। चूंकि जैन धर्म हिंसा का विरोध करता है, इसलिए यहां पशुवध और मांस-अंडे का सेवन निषेध है। जैन लोग सदियों से रात को खाना नहीं खाने और पानी छानकर पीने के नियम का पालन करते आ रहे हैं। आज वैज्ञानिक युग में डॉक्टर और डायटीशियन बेहतर जीवन शैली के लिए ये दोनों सलाहें देते हैं। जैन फूड आजकल एक लोकप्रिय फूड ऑप्शन है। काश हम इसे गंभीरता से समझ पाते तो बेहतर होता।

**कहावत है** '1 वृक्ष 100 पुत्र समान'। पर झारखंड में यह बात लागू नहीं। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के खुली जगह उगे पेड़ की कटाई देख लगता है कि जन,जल,जंगल और जानवर जमीन की बात करने वाली सरकार सिर्फ नारों तक ही सिमटी है।

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

### आपके ट्वीट

**अपने** चेहरे से जो
जाहिर है छुपाएं कैसे
आप की मजी के मुताबिक
नजर आएं कैसे
घर सजाने का तसव्वुर
तो है,अब बाद की बात
अब ये मुश्किल है कि,
घर की हकीकत को बचाएं कैसे

**– सुधांशु त्रिवेद्वी भाजपा**





**हजारों** परिवार आत्महत्या के कारण अपने बच्चों को खोते हैं।

प्रधानमंत्री को उनका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए!

**–राहुल गांधी, पूर्व सांसद**

### कार्टून वर्ल्ड




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### सोना में निवेश

**रूस**-यूक्रेन युद्ध के चलते बड़े-बड़े बैंक दिवालिया हो रहे हैं। जनता ने बैंकों से अपने धन की ताबड़तोड़ निकासी करके उस का इन्वेस्ट सोने में कर दिया है। भारत के संदर्भ में देखें तो सोना भारतीयों के लिए शुरू से ही आर्थिक सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार रहा है। दशकों का इतिहास उठाकर देख लें सोना कभी भी बैंक ब्याज दर से कम लाभ नहीं देता।

**-विभूति, हजारीबाग**

#### मन की बात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का ह्यमन की बात कार्यक्रम 30 अप्रैल को अपना शतक पूरा कर रहा है। यह पहला ऐसा कार्यक्रम है जिसमें किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय व सराहनीय योगदान देने वाले व्यक्ति व संस्था सीधे प्रधानमंत्री से अपने विचार साझा कर सकते हैं। वैसे एक से 99 अंक तक कई गंभीर विषयों पर मन की बात में चर्चा होती रही है।

**– मुकेश सिंह, रांची**

## मन की बात के माध्यम से लोगों को स्वस्थ भारत की प्रेरणा

**– डॉ. विनोद के. पॉल,**

### सामयिक

**स्वास्थ्य** और विकास आपस में जुड़े हुए हैं - केवल स्वस्थ नागरिक ही किसी राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार इस आदर्श के लिए प्रतिबद्ध है और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए अथक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री हमारे लोगों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार पर अत्यधिक जोर देते हैं और उन्होंने भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्राथमिकता से संचालित कार्रवाई सुनिश्चित की है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए गहरे संरचनात्मक और निरंतर सुधार किए हैं और देश भर में सैचुरेशन लेवल का कवरेज प्राप्त करने के लिए अनुकूल रणनीतियों को भी लागू किया है।

सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। आज, केवल बीमारों का इलाज करने के बजाय हेल्थ एंड वैलनेस दोनों पर ध्यान दिया जाता है। भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा वित्तपोषित दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम-आयुष्मान भारत (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), एक मजबूत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए), ई-संजीवनी ओपीडी और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), ऐसी कुछ पहलें हैं, जो सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में चौतरफा परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए की हैं।

2014 से (387 से 655 तक) मेडिकल कॉलेजों में 69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रस्तावित 22 नए एम्स में से 19 चालू हैं। 35 करोड़ से अधिक नागरिकों का डिजिटल स्वास्थ्य खाता (आभा, एबीएचए) बनाया गया है। टेलीमेडिसिन के तहत ई-संजीवनी को मुख्यधारा ने अपनाया है और अब तक 11 करोड़ रोगियों ने इस सेवा का लाभ उठाया है। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पहल के तहत, 156,000 उप-केंद्रों (एससी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में बदलाव आया है। एक नया मध्य स्तरीय स्वास्थ्य पेशेवर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तैनात किया गया है। उप केन्द्रों में एचडब्ल्यूसी को 105 दवाएं और 14 डायग्नोस्टिक परीक्षण प्रदान करना अनिवार्य है, और पीएचसी में वे 172 मुफ्त दवाएं और 63 मुफ्त डायग्नोस्टिक परीक्षण प्रदान करते हैं।

सभी सरकारी योजनाओं का मूल्य केवल उनके अंतिम-मील तक वितरण के माध्यम से महसूस किया जाता है। इसके लिए सक्रिय स्वामित्व और लोगों की भागीदारी की आवश्यकता है। इस संबंध में, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से जनता से जुड़ने के साधन के रूप में रेडियो की क्षमता का बेहतर उपयोग किया है, जिसका वर्षों से एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में व्यापक प्रभाव पड़ा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने बार-बार लोगों के बीच अच्छे स्वास्थ्य के विचार का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि ह्लस्वास्थ्य का अर्थ केवल रोगों से मुक्ति नहीं है। स्वस्थ जीवन हर व्यक्ति का अधिकार हैह्व उन्होंने विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 'मन की बात' का व्यापक रूप से उपयोग किया है और यह भी बताया है कि किस प्रकार उन्होंने देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों को लाभान्वित किया है।

(लेखक सदस्य-नीति आयोग हैं।)

## अमेरिका का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास



**मनोज शर्मा**

### सामयिक

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन की अध्यक्षता में जलवायु परिवर्तन पर दो दिवसीय आभासी बैठक हाल ही में संपन्न हुई जिसमें दुनिया भर के दर्जनों नेताओं ने शिरकत की।

बाइडन के पहले वाले प्रशासन ने खुद को पेरिस समझौते से अलग कर लिया था और कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के इरादे से बनाए गए कई घरेलू नियमों को ध्वस्त कर दिया था। बाइडन और उनके जलवायु राजदूत, पूर्व विदेश मंत्री जॉन कैरी ने कम से कम यह संदेश देने का काम किया कि हालात अब बदल गए हैं। उन्होंने सन 2030 तक अमेरिका में उत्सर्जन कटौती के स्पष्ट लक्ष्य तय किए। अब अनुमान पेश किया गया है कि वहां उत्सर्जन का स्तर सन 2005 के स्तर के 50 फीसदी रह जाएगा।

कई अन्य देशों ने भी सन 2030 के लिए लक्ष्य तय किया है: जापान ने कहा कि वह अपने 2013 के उत्सर्जन स्तर पर में 46 फीसदी की कमी करेगा जबकि कनाडा ने 2005 के स्तर की तुलना में 40-45 फीसदी कमी करने की बात कही। इसके बावजूद कई अन्य देशों के कदम निराशाजनक रहे।

उदाहरण के लिए प्रति व्यक्ति उत्सर्जन में काफी ऊंचा स्थान रखने वाले ऑस्ट्रेलिया ने इस विषय में कुछ खास करने को नहीं कहा। ब्राजील और रूस भी दिक्कतदेह हैं। ब्राजील ने तो पर्यावरण संबंधी व्यय में कटौती तक करने की बात कही। चीन जो दुनिया भर में कोयला आधारित बिजली उत्पादन में आधे का हिस्सेदार है, उसने भविष्य के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया। उसने बेहद सावधानी के साथ भविष्य के लिए कोई प्रतिबद्धता जताने से भर परहेज किया। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यह अवश्य कहा कि उनका देश 2026 से कोयले की खपत कम करना शुरू करेगा। ऐसा वह लगातार कह रहा है।

ठोस कदमों की इस कमी ने भारत पर से भी कुछ दबाव कम किया होगा। अपने दावों के बावजूद अमेरिका का प्रदर्शन यूरोपीय संघ की तुलना में अपेक्षा से कमजोर रहा है। अमेरिका पर्यावरण के अनुकूल तकनीक में अधिक से अधिक निवेश की इच्छा रखता है, वह इसके उत्सर्जन कटौती का बेहतर तरीका मानता है तो वहीं यूरोपीय संघ मानता है कि मांग में बदलाव भी आवश्यक है। वह इसके लिए नियामकीय उपाय अपनाने में लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी अपनी टिप्पणी में जीवनशैली में बदलाव की बात कही। इस बात को विकसित विश्व में मांग प्रबंधन की बात से भी जोड़कर देखा जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन पर अमेरिका की यह नई ऊर्जा स्वागत करने लायक है लेकिन इसे पूरी दुनिया में तब तक गंभीरता से नहीं लिया जाएगा जब तक इसके लिए ऐसी वैधानिक व्यवस्था नहीं की जाती है जिसे डॉनल्ड ट्रंप जैसे विचार रखने वाला बाइडन का कोई उत्तराधिकारी आसानी से तोड़मरोड़ न सके। प्रभावी वैश्विक सहमति हासिल करने के लिए ऐसा ढांचा तैयार करना होगा जो उत्सर्जन के मांग क्षेत्र पर नियंत्रण करे। उदाहरण के लिए अमेरिका में वाहन ईंधन पर कर सन 1993 के बाद से नहीं बढ़ा है। यह जलवायु परिवर्तन के लिए गंभीर देश के लिए उचित नहीं है, भले ही अमेरिकी सरकार कुछ भी दावा करे। भारत को भी यह स्पष्ट करना चाहिए कि विकासशील देश भविष्य में जो भी प्रतिबद्धता जताएं, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों को भी उस पर समुचित प्रतिक्रिया देनी चाहिए। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797



*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षुओं ने कई गांवों का किया भ्रमण




**रजरप्पा ।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तहत सुकरीगढ़ा गाँव का भ्रमण किया । महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान बीएड सत्र 2022-24 एवं डीएलएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा सुकरीगढ़ा गाँव में घूम-घूमकर जल संरक्षण एवं गर्मी में लू से बचाव हेतु स्लोगन लिखकर नारे लगाकर लोगों के बीच जाकर समझाया. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह बीएड के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद यादव, नयन कुमार मिश्रा, मो. परवेज अख्तर, व्याख्याता सीमा कुमारी, राजेश महतो, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, सुनील महतो आदि उपस्थित रहे।

### एक ट्रैक्टर बालू और हाइवा जब्त



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ जिला खनन विभाग द्वारा खनिज के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनन विभाग ने गुरूवार की देर रात्रि पतरातू प्रखंड क्षेत्र में छापामारी कर एक ट्रैक्टर बालू और डस्ट लदा एक हाइवा पकड़ा है। रामगढ़ जिला डीएमओ नीतेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस छापामारी में माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक सहित सदल-बल पुलिस जवान शामिल थें। जानकारी के अनुसार पतरातू थाना समीप निर्माणधीन एनटीपीसी के पास से दोनों वाहनों को पकड़ा गया है। रामगढ़ डीएमओ नीतेश कुमार गुप्ता ने बताया दोनो वाहन बिना चालान के बालू और डस्ट का अवैध खनिज परिवहन कर रहे रहे थे।

### कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित भुरकुंडा रेस्ट हाउस में शुक्रवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन व भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक उपस्थित थें। बैठक में यूनियन की ओर से 27 सूत्री एजेंडा रखी गई। 27 सूत्री एजेंडा में बलकुदरा में चल रहे टिपर की हाजरी बनवाने व ड्राईवरी लाईसेन्स जांच करने, मजदूरों के आश्रितों का नाम सेवा पुस्तिका में दर्ज करने को ले कैम्प लगाने, भूमिगत खदान में सपोर्ट के लिए लकड़ी का व्यवस्था करने, चिकित्सा मद में कोयला मजदूरों के काटे गये 40 हजार रूपये का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने, पटेलनगर स्थित कोल फिल्ड मजदूर यूनियन क्षेत्रीय कार्यालय की मरम्मति के साथ रंग-रोगन व कार्यालय के सामने एक सेड का निर्माण करने, बिजली विभाग एवं पम्प खलासी तथा अन्य पदो पर वर्षों से कार्यरत मजदूरों को उसी पद पर नियुक्त करने, आवसीय कलोनी समेत खान अ एवं ब, जनरल अफिस से लेकर बलकुदरा सभी रास्तों में लाइट की समुचित व्यवस्था करने, आउटसोसिंग ड्राइवरों को वेतन स्कील्ड मजदूरों के निर्धारित न्यूनतम दर पर देने सहित 27 सूत्री एजेंडा सौंपा गया। मौके पर भुरकंडा पीओ ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में यूनियन की ओर से भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, मनोज कुमार, अशोक गुप्ता, रामाकांत दुबे, संजय यादव, जुगल नायक, सुधीर सिंह, सुरेंद्र यादव, मनजीत रंजन, हरिहर टुडू, असित साहू, भुरकुंडा पर्सनल मैनेजर जॉन सिंह आदि मौजूद थे।

### उत्साह के साथ मनाया गया सरहुल



**मांडू।** मांडू क्षेत्र के गरगाली रोड अंतर्गत हथिया पत्थर के निकट शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम 11:00 करमाली टोला अखाड़ा के पाहन राजेश मुंडा,गड़के,राजू मुंडा ने महिलाओं के हाथो विधि पूर्वक पूजा अर्चना संपन्न करवाया। इसके उपरांत आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरित नृत्य पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में छोटेलाल करमाली,जिला परिषद सदस्य चुरचू बासुदेव करमाली, पंचदेव करमाली,शंकर करमाली, सुनील करमाली, विनोद करमाली, सरना समिति मांडू के अध्यक्ष गणेश करमाली, सचिव विष्णु करमाली मौजूद थे।

### चैनगड़ा में खुला एमएस ऋषिका फ्यूल्स



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के चैनगडा में शुक्रवार को इंडियन बायो फ्यूलस अंतर्गत एमएस ऋषिका फ्यूलस पेट्रोल पंप का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो व गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी व आईबीएफसी के निदेशक डॉ.संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि चैनगडा में पेट्रोल पंप खुलने से वाहन चालकों को काफी सुविधा मिलेगी। पंप की प्रोपराइटर रीना देवी ने बताया कि हमारे यहां सही माप से ग्राहकों को डीजल व पेट्रोल मिलेगा। यहां किसी को काई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा उद्देश्य व इस पेट्रोल पंप की पहचान होगी। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पेट्रोल पंप परिसर में पूजा-अर्चना कराई गई।

# खेल मैदान जल्द बनायें : सांसद

## जयंत सिन्हा ने की रामगढ़ जिले में चल रहे कई योजना की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ समाहरणालय सभागार में सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी, दिशा की बैठक हुई। बैठक में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। सबसे पहले सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे खेल विकास योजना के बारे में बात की।सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान, जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण आदि कार्यों की जानकारी ली एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की एवं जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे कराकर विभिन्न योजनाओं व आवश्यक सुविधाओं की सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इन कार्यों में विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग योजनाबद्ध तरीके से लेने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा, जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न माध्यमों से किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डीजीसाथ, ज्ञानसेतु, एक्स्ट्रा क्लास आदि के माध्यम से किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं सांसद ने जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु कोचिंग व्यवस्था शुरू करने के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की।

**गोला मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स जल्द पूरा करें :** गोला मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से लेने के उपरांत सांसद ने जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। । सांसद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन रामगढ़ को स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के दिशा में किए जा रहे कार्यों के विस्तार से जानकारी ली। साथ ही संस्थागत प्रसव व एंटीनेटल चेक अप सहित अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए ससमय इनकी रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# भुरकुंडा ओपी के नये भवन का एसपी ने किया उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भुरकुंडा ओपी के नये दो मंजिला भवन का शुक्रवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने शीलापट्ट का अनावरण करके व फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके पूर्व ओपी के नये भवन में पुरोहित बृज किशोर पाण्डेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रामगढ़ एसपी पीयूस पांडेय ने बताया कि भवन का निर्माण झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन ने करीब ढाई करोड़ की लागत किया है। भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र में घनी आबादी व व्यवसायिक क्षेत्र को देखते अब भवन बन जाने के बाद ओपी को थाने में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि भुरकुंडा ओपी का नया दो मंजिला भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस आधुनिकता और भव्यता के मामले में यह रामगढ़ जिला का पहला भवन है। मौके पर हेड क्वार्टर डीएसपी संजीव कुमार मिश्र, सर्जेंट किशोर कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई अक्षय कुमार, एसआई मयंक प्रसाद, एसआई कुंदन राव, एसआई राम सरीख तिवारी, राम प्रवेश शर्मा, भदनीनगर प्रभारी राजदीप कुमार, घाटो ओपी प्रभारी, बलवंत दुबे, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, सार्जेंट किशोर कुमार, एसआई सुभाष कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, एसआई चेतेश्वर सिंह, एसआई सुमित कुमार सिंह, एसआई सुभाष कुमार, विजय कुमार, उमेश प्रसाद, उपेन्द्र शर्मा, व्यास पांडेय, लव कुमार महतो, रॉबीन मुखर्जी, जानकी ठाकुर सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### बच्चे की मौत पर ग्रामीणों ने रांची-पतरातू रोड किया जाम

**भुरकुंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के डॉक्टरो और नर्सो की लापरवाही के कारण तीन महीने के मासूम अभीराज की अचानक शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। इससे परिजनों सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

घटना को ले सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने बच्चे के शव के साथ सुबह रांची-पतरातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के डॉक्टर और नर्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार को बबलू साव पतरातू बाजार टांड निवासी अपने तीन माह के बच्चे को तीसरे माह का टीका लगाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया था। जहां टीका लगने के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा बच्चे को तीन माह का टीका नहीं लगाकर नौ माह का टीका लगा दिया गया जिसके कारण बच्चे की मौत हुई है। सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ डॉ. वीरेन्द्र कुमार चौधरी ने ग्रामीणों को समझाते-बुझाते हुए सड़क जाम हटाने की बात कही।

### आचार्य चयन परीक्षा को ले पर्यवेक्षक ने की बैठक



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में शनिवार को आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा की व्यवस्था एवं सारी तैयारी से संबंधित जानकारी विद्या विकास समिति झारखंड के रांची विभाग प्रमुख एवं आचार्य चयन परीक्षा के पर्यवेक्षक फणींद्र झा ने शुक्रवार को विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र एवं आचार्य गण के साथ बैठक में ली। परीक्षा के संचालन हेतु उन्होंने आचार्यों को दिशा निर्देश देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा का संचालन ससमय एवं हो ।गौरतलब है कि इस आचार्य चयन परीक्षा में पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग केंद्र पर 866 परीक्षार्थी परीक्षा देने वाले हैं ।वही आचार्य चयन परीक्षा पूरे झारखंड में 11 केंद्रों पर होनी है। आज परीक्षा की व्यवस्था एवं तैयारी से संबंधित इस बैठक में विद्यालय के प्राचार्य कुमार मिश्र ने परीक्षा व्यवस्था की जानकारी आचार्यों को दी । उन्होंने परीक्षा की सफलता के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। सचिव संजय उपाध्याय ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु शुभकामना दी ।

# वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार का शुक्रवार की अहले सुबह सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। शुक्रवार सुबह वे मॉर्निंग वाक के लिए जा रहे। उसी दौरान झंडा चौक के निकट बोकारो की तरफ से तेज गति से आ रहे एक ट्रेलर ने उन्हें चपेट में ले लिया। इस घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्साकों ने जांच के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। वहां जांच के बाद उनके दोनों पैरों के फ्रैक्चर होने की बाद चिकित्सकों द्वारा कही गई। साथ चिकित्सकों ने दुर्घटना में उनके सर पर भी चोट लगने की बात कही। रिम्स में भर्ती के दौरान उनकी स्थिति गंभीर होते देख चिकित्सकों ने उन्हें वेंटीलेटर पर रखा। रिम्स में इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। अपने सरल स्वभाव और मृदुभाषी होने के कारण प्रदीप कुमार जिलभर के पत्रकारों सहित सभी के बीच लोकप्रिय थे। उनके निधन पर जिलाभर के पत्रकारों ने गहरी शोक संकेदना व्यक्त की है। शाम को शहर के गांधी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें पत्रकारों सहित कई लोग शामिल हुए।

### ग्रामसभा में कई योजनाएं स्वीकृत

**भुरकुंडा ।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भूरकुंडा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी अंतर्गत सबकी योजना-सबका विकास के तहत बालसभा, महिलासभा एवं विशेष ग्रामसभा हुआ। मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि आवश्क्तानुसार अपने-अपने मुहल्लो एवं टोलो में योजनाए लेने की बात कही। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रो में बच्चों के लिये खेल सामग्री, पठन पाठन के लिये समुचित सामग्री का क्रय, स्मार्ट क्लास के लिए कंप्यूटर की व्यवस्था, खेल मैदान का मरम्मती, पीसीसी पथ एवं पुलिया, नाली, यात्री सेड, चबूतरा का निर्माण, कुपो की मरम्मती, पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय, आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, बेंच, डेस्क, दरीं का क्रय, आंगनबाड़ी केंद्रों, दुंदुवा महिला आजीविका ग्राम संगठन कार्यालय, पंचायत सचिवालय आदि योजनाएं सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# कुशवाहा समाज के अध्यक्ष बने सोहनलाल

## कोषाध्यक्ष सबुर महतो व सचिव बनीं गिनी वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का पुनर्गठन चुनाव हरली विवाह मंडप में आयोजित किया गया।चुनाव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता एवं चुनाव आयोग अध्यक्ष पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की देखरेख में में संपन्न हुआ।जिसका संचालन पंसस उपेंद्र कुशवाहा एवं केशव नाथ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।चुनाव में कुल 108 मत में 107 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सोहनलाल मेहता को 62 मत भीखन महतो को 45 मत मिले। इस प्रकार सोहनलाल मेहता 17 मत जीत हासिल की। सचिव पद में गिन्नी वर्मा को 51 मत,सेवंती कुमारी को 37 मत, लालमणी महतो को 10 मत एवं पवन कुमार को 9 मत मिले जिसमे गिनी बर्मा 14 मत से जीत हासिल की एवं कोषाध्यक्ष पद पर शबूर महतो को 74 मत तारकेश्वर प्रसाद को 33 मत एवं एकमत रद्द पाया गया इस प्रकार 40 मत से सबुर महतो लगातार तीसरी बार कोषाध्यक्ष पद पर आसीन हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक महतो के द्वारा शपथ दिलाई गई। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सुनीता देवी,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता,उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो,जयनारायण प्रसाद, डॉ बालेश्वर महतो, प्रो. लालदेव महतो, मुकुटधारी महतो,रामसेवक,मुखिया सुलेखा कुमारी, विशेश्वर महतो,पंसस रमनिका कुमारी, कौशल्या देवी, कृतिनाथ महतो,अजीत प्रसाद, संदीप कुशवाहा,तपेश्वर कुमार तापस,केदार महतो,श्रीकांत निराला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भोक्ता आदिवासी ने मनाया सरहुल जतरा



**कटकमसांडी ।** बाझा पंचायत अंतर्गत सरना स्थल बहुत ही धूमधाम से कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में रामदेव सिंह भोक्ता,बालदेव गंझू जिप सदस्य विजय सिंह भक्तों वर्तमान मुखिया धनेश्वरी देवी पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता लखन सिंह गुप्ता कुलदीप सिंह भोक्ता कृष्ण सिंह भोक्ता एवं जलेश्वर सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से हो कर पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया। पूर्व मुखिया एवं समिति के अध्यक्ष लीलू सिंह भोक्ता ने बताया कि हम सभी का यह परंपरा रहा है कि हम लोग हर वर्ष सरहुल पूजा करते हैं। यह मान्यता है कि सरहुल पूजा करने से सखुआ का पता झड़ता है और फिर नया सखुआ का पत्ता उगता है। पूर्वजों से यह संस्कृति चलते आ रही है। जिसमें महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी शामिल होते हैं और धूमधाम से इस परंपरा को निभाते रहे हैं और निभाते रहेंगे। प्रमुख अतिथि रामदेव सिंह गुप्ता ने कहा कि भोक्ता समाज का जो परंपरा है वह परंपरागत ढंग से चलता आ रहा है और हमेशा आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।मौके पर संतोष सिंह भोक्ता महादेव सिंह भोक्ता डाटो पंचायत की मुखिया एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य कुमारी बाखला उमेश सिंह भोक्ता नागेश्वर सिंह भोक्ता कैलाश सिंह भोक्ता मिथुन सिंह भोक्ता राजेश सिंह भोक्ता मुद्रीका सिंह भोक्ता दिलचंद सिंह भोक्ता उदय सिंह भोक्ता राजू सिंह भोक्ता कारू सिंह भोप्ता संजीत कुमार भोप्ता वकील सिंह भोप्ता समेत समस्त समाज के लोग उपस्थित थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने बेटियों को दिया लहंगा



कटकमसांडी। विधायक मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने घर घर जाकर लोगों को लहंगा सौंपा। लहंगा पाने वालों में बरगाड़ा के कविता कुमारी ,रीना कुमारी ,मनीषा कुमारी,ढौठवा पंचायत अंतर्गत ढौठवा में ही गुड़िया कुमारी , सुषमा कुमारी , रिंकी कुमारी, सीमा कुमारी ,मनिका कुमारी, सबनम कुमारी,अंशु कुमारी,निशा कुमारी,खुशबू कुमारी , लूपुंग के अनामिका कुमारी ,मीना कुमारी आदि शामिल है। परिजनों ने सदर विधायक मनीष जसवाल के प्रति खूब आभार प्रकट किया है। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक हमेशा के लिए कटिबद्ध हैं । पिछले वर्ष कि भांति इस बार भी लहंगा वितरण का कार्यकर्म किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित कटकमसांडी भाजपा का वरिस्ट कार्यकर्ता महबीर सिंह,दिलीप कुमार रवि,अजय मेहता,पूर्वी मंगल अध्यक्ष जीवन मेहता, सोहर राणा, प्रकाश यादव, विजय दांगी, अनुराग मित्तल , एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### ईचाक : धवैया में निकाला कलश यात्रा

**ईचाक।** थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय एकादशी उद्यापन हुआ। कलश ग्राम धवैया से सेवन नदी नगवां 51 कलश के साथ पुजारी गोपाल सिंह धर्म पत्नी सुकन्या सिंह मां शकुंतला देवी आचार्य रामाकांत पंडित के द्वारा मंत्रोच्चारण कर जल उठाव सैकड़ों भक्तों के साथ जयकारा लगाते हुए यात्रा किया गया। गोपाल सिंह ने बताया कि हमारी मां 12 वर्षों तक कठिन परिश्रम से पूजा करते आ रही थी जो पूरा हुआ और आज एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख सत्येंद्र मेहता ,मुखिया रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया आंजना मेहता, 20 सूत्री पूर्व उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, जीएम कॉलेज संचालक विनय मेहता, संजय सिंह, राजकुमार सिंह, अरुण सिंह,शशि सिंह, पंकज सिंह, सुजीत मेहता, उमेश कांत, बजरंग सिंह, दिनेश मेहता ,राजेंद्र मेहता ,जदयू नेता अर्जुन मेहता, वासुदेव मेहता, कृष्ण देव यादव सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मधुमक्खी का बक्शा बनाने का प्रशिक्षण

**दारू।** दारू प्रखंड में जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित हरली महिला वनोपज संकुल केंद्र में मधु वैल्यू चैन के माध्यम से मधुमक्खी पालन का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है । इसके लिए समूह से जुड़ी दीदियों को मधुमक्खी पालन विभाग रांची से ट्रेनर के रूप में आये अशोक कुमार के द्वारा राजमिस्त्री के साथ साथ महिला रानी मिस्त्रियों को मधुमक्खी बक्से बनाने की प्रशिक्षण दिया गया । इस बारे में इस केंद्र से जुड़ी पुष्पा कुशवाहा ने बताया कि केंद्र में दो प्रकार की मधुमक्खी मेलिफेटा मधुमक्खी और सेरेना मधुमक्खी का पालन किया जाएगा । हजारीबाग जिले में दारू प्रखंड के जेएसएलपीएस के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए पूरे जिले से दारू प्रखंड का चयन इस योजना के लिए किया गया है । मधुमक्खी पालन के लिए बक्से बनाने की ट्रेनिंग दिया जा रहा है । दीदियों और राजमिस्त्री के द्वारा 3000 बक्से बनाये जाएंगे जिसे 600 किसान के बीच वितरण किया जाएगा । इस योजना से जुड़े हर किसान को पांच बक्से दिए जाएंगे जिसमे उन्हें तीन बक्से का पैसा देना होगा तथा दो बक्से उन्हें संस्था के द्वारा सब्सिडी रूप में दिया जाएगा । मधुमक्खी पालन से एक लाभुक को कम से कम एक लाख रुपये की सालाना लाभ हो सकता है । ट्रेनर अशोक कुमार ने बताया कि बक्से का निर्माण आम और तुन की लकड़ी से किया जाएगा । इस बक्से को बनाने में जुटी दीदियों को भी लाभ मिलेगा । मधुमक्खी पालन करने से बहुत ही अधिक फायदा है और इसका मुनाफा सीधे लाभुकों को प्राप्त होगा । इस मौके पर मुख्यरूप से बीपीएम सुनील राणा , सीसी विनय कुमार, एफटीसी निर्मला शर्मा, पुष्पा कुशवाहा, राखी कुमारी, सहित केंद्र की कई सदस्य उपस्थित थे ।

### जीएसटी नंबर हैक कर दिया करोड़ों का बिल

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में जीएसटी का आईडी और पासवर्ड हैक कर करोड़ो की बिलिंग करा देने का अनोखा मामला सामने आया है। इस बारे भुक्तभोगी अजीत कुमार पिता बालेश्वर प्रसाद ग्राम पेटो हरली निवासी ने दारू थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। इस बारे में अजीत ने बताया कि उसका मेसर्स अजीत इलेक्ट्रिल के नाम से जीएसटी नम्बर रजिस्ट्रर्ड है। इसमें कुछ माह पूर्व उसका जीएसटी नम्बर का आईडी और पासवर्ड हैक कर वर्ष 2020-21 और 2021-2022 में 4 करोड़ 54 लाख 30 हजार 712 रुपैये की बिलिंग उसके जीएसटी नम्बर से करवा दिया। हैकर्स ने जीएसटी नम्बर पर जिस कंपनी का बिलिंग करवाया वह मेसर्स टीपी मोहंती ओड़िसा के नाम से रजिस्टर्ड दिखता है जबकि उसके कंपनी का नाम की जगह उसके जीएसटी नम्बर में ओडिसा की कंपनी ऑनलाइन दिख रहा है। अब इस बिलिंग का जीएसटी राशि 54 लाख 31 हजार 606 रुपये का जमा करने अन्यथा कुर्की जब्ती का नोटिस आया है। अजित ने बताया कि पिछले कुछ माह से उसके मोबाइल पर जीएसटी से संबंदिध मेसेज नही आ रहा था तो उसे कुछ शक हुआ तब उसे उसके आईडी पासवर्ड हैक होने और इतनी भारी भरकम राशि की बिलिंग करने की जानकारी मिली । विभाग के द्वारा उसे 54 लाख रुपैये जमा करने का नोटिस मिला है जबसे उसे इस जालसाजी की जानकारी मिली है उसका सुख चैन सब खो गया है । इस बारे में थाने में आवेदन देकर भुक्तभोगी ने जालसाज को पकड़ने और उसे इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है।

### सड़क हादसे में दो भाइयो की मौत

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ गोमिया रोड के गरहमुर्गी में शुक्रवार को बाइक व बस के बीच सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई । जेएच02वाई6087 सब्बी बस द्वारा लापरवाही से चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों सगे भाइयो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । दुर्घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेजेंगी । ग्रामीणों ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि इस वृद्धा पर तो दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है,मृतक महादेव की 02 मई 2023 को शादी थी।

## स्पीड न्यूज

### नेत्र जांच शिविर 30 को कसीरा में

**गुमला।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम जशपुर एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह शाखा गुमला के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 अप्रैल दिन रविवार को गुमला प्रखण्ड के कसीरा गांव स्थित डॉ एसएन साहू मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर लगाया गया है। जानकारी देते हुए समूह के गुमला शाखा के मंत्री बिपिन सिन्हा ने बताया कि शिविर प्रात: 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें बाहर से आये नेत्र विशेषज्ञ रोगियों की जांच करेंगे और चिकित्सकों के परामर्श पर रोगी को नि:शुल्क चश्मा दिया जायेगा। समूह के सदस्य शिविर की सफलता को लेकर निकटवर्ती ग्रामों में निरंतर प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

### चुमनू को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**गुमला।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चुमनू उरांव के ब्रह्मभोज में जिले के कांग्रेसी शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि चुमनू उरांव व्यवहार कुशल एवं सरल स्वभाव के सच्चे कांग्रेसी थे। उनका अकास्मिक निधन कांग्रेस एवं समाज के लिए अपूर्ण क्षति है। मौके पर प्रदेश सचिव अकिल रहमान, प्रदेश प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, युवा महासचिव जय सिंह, अमर प्रदीप कुजूर, अलबर्ट तिग्गा आदि मौजूद थे।

### कर्मियों के चिकित्सा खर्च की स्वीकृति

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को उग्रवादी हिंसा में घायल पुलिस कर्मियों के चिकित्सा पर हुए व्यय की स्वीकृति हेतु गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड रांची के द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिसमें अपोलो अस्पताल रांची के 5 घायल पुलिस कर्मियों पर हुए व्यय में 2.66 लाख बकाया राशि के प्रतिपूर्ति का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा गुमला थे।

### अवैध मवेशी लदा पिकअप वाहन जब्त

>> छह तस्कर को पुलिस हिरासत में



**कुडू, लोहरदगा।** कुडू चंदवा मुख्य पथ पर बीती देर रात जांच के दौरान एक अवैध मवेशी लदा पिकअप वाहन पुलिस ने जब्त किया। साथ ही इसमें सवार छह लोगों को भी हिरासत में ले लिया। पिकअप (जेएच 03ए जे 2503) चंदवा की तरफ से कुडू आ रही थी। तभी कुडू पुलिस ने वाहन को रोक कर जांच की, तो गाड़ी में अवैध मवेशी लदा मिला। जिसके बाद गाड़ी को जब्त कर कुडू थाना लाया। पिकअप में 10 मवेशी लोड थे, जिसमें एक मवेशी की स्थिति खराब है। पुलिस मामले के जांच में जुट गयी है।

### रोटरी क्लब के सामने खुली पनशाला



**गुमला।** इनरव्हील क्लब गुमला ने शुक्रवार को रोटरी क्लब के सामने पनशाला का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनमोल गुप्ता ने की। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने राहगीरों को शीतल जल पिलाया। वहीं इनरव्हील क्लब ने ठेले पर बेचने वाले को अन्नपूर्ण योजना के तहत सत्तु, ग्लास, नींबू नमक आदि दिया जो पूरे गर्मी में प्रतिदिन राहगीरों को मुफ्त में सत्तु पिलायेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष पूनम देवी, कोषाध्यक्ष उषा गुप्ता, आईएसओ कुमारी मिली, कुसुम साय, लीलावती साहू भी थे।

### तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत



**गुमला।** जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर अरमई गांव स्थित बांध तालाब में नशे की हालत में डूबने से अरमई निवासी राज मिस्त्री बिरसई उरांव (50) की मौत हो गयी है। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के द्वारा शव को बाहर निकाला गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर गुमला पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। समाजसेवी सकलदीप सिंह ने 10-15 ग्रामीणों के सहयोग से तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला।

### एक्वा हिमानी पानी फैक्ट्री का निरीक्षण



**गुमला।** एसडीओ के निर्देश पर लव कुमार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला ने गुमला शहर के एक्वा हिमानी पानी फैक्ट्री खोरा का निरीक्षण किया। इस क्रम में बिना लाइसेंस फैक्ट्री चलाने, मैन्युफैक्चरिंग एवं पैकिंग, वाटर मैन्युअल में दर्शाये विभिन्न नियमों का अनुपालन नहीं करने संबंधी त्रुटि मिली। जिसके कारण कुल 605 कार्टून बड़ा बोतल और 375 कार्टून छोटा बोतल सीज कर लिया गया। साथ ही अगले आदेश तक के लिए फैक्ट्री में पैकेजिंग एवं कार्य को बंद कर दिया गया।

### बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा



**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, केसीसी एवं 5 वें वित्त की समीक्षा की गयी। इस क्रम में बीडीओ ने कहा कि अधूरा पड़े पीएम आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करें और लाभुकों को लाभ प्रदान करें। 2 मई को ब्लॉक परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया है। बैठक में बीपीओ कांति कुमारी, हुलेश साहू, मनोज कुमार, बानेश्वर भगत, रविंद्र बड़ाइक आदि थे।

### परंपरा निभाने आर्या गांव गये ग्रामीण



**घाघरा।** चुंदरी पंचायत के कठिया टोली, नवाटोली, चुंदरी खास के हजारों ग्रामीण पड़हा व्यवस्था के अंतर्गत शुक्रवार को आर्या लोहरदगा के लिए रवाना हुए। इस क्रम में बुजुर्ग, युवक, युवती, महिला, पुरुष, बच्चे शामिल होकर आर्या गांव गये। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने बताया कि पड़हा व्यवस्था के अंतर्गत हर 12 वर्ष में एक दूसरे गांव आर्या और चुंदरी मेहमान जाने की परंपरा है।

# 100वें एपीसोड में नवरत्नगढ़ किले का उल्लेख करेंगे पीएम

**मन की बात**

- कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है, नवरत्न गढ़ किले में मोदी सेल्फी प्वाइंट, 8 फीट का रेडिया व आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है
- वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल है झारखंड का एकलौता राष्ट्रीय धरोहर नवरत्नगढ़ किला, वास्तुकला की कई कलाकृतियां समेटे है नवरत्नगढ़ किला

दीपक राम काजू

**गुमला।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सौ वां एपीसोड 30 अप्रैल को पूरा होगा। सौ वें एपीसोड में मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला के वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल राजा दुर्जन शाह का किला नवरत्न गढ़ (प्राचीन नाम डोयसा गढ़) पर चर्चा करेंगे।

यह किला सिसई प्रखंड के नगर गांव में अवस्थित है। प्रधनमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में नवरत्न गढ़ का उल्लेख की जानकारी मिलने पर नवरत्नगढ़ किला को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। 29 अप्रैल की रात में करीब 7 बजे से आयोजित उक्त कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है।

नवरत्न गढ़ में मन की बात कार्यक्रम को लेकर मोदी सेल्फी प्वाइंट, देश में विलुप्त होता रेडियो की आकर्षक डिजाइन 8 फीट का बनाया गया है जो लोगों को आकर्षित करेगा। साथ ही साथ आकर्षक लाइट की व्यवस्था की गयी है। प्रदर्शनी के नाम पर विभिन्न प्रकार के फोटो लगाए गए हैं। वहीं भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के निर्देश पर स्थानीय नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों को प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

बताते चलें कि करीब 27 एकड़ भूमि में अवस्थित उक्त किले को 27 सितंबर 2019 को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में चिह्नित किया गया है। राजा दुर्जनशाल ने अंग्रेजों से अपनी रक्षा के लिए नवरत्नगढ़ किला का निर्माण कराया था। किला का अधिकांश हिस्सा जमीनदोज हो गया है। जबकि उसका कुछ भाग शेष रह गया है।



## हाल ही में हुई है नवरत्नगढ़ किले की खुदाई

किले की बनावटी सुरक्षा के दृष्टिकोण से की गयी है। नवरत्न गढ़ के किले की खुदाई भी हाल के दिनों में हुई है। जिसमें जमीन में दफन कई कमरे मिले हैं। किले के पास ही बड़ा तालाब है। वहीं पास में प्राचीन शिवलिंग है। जिसका कथा भी रोमांचित करती है। कहते हैं कि एक गाय वहां आकर सांप को दुध पिलाया करती थी। सांप रूप में स्वयं भोलेनाथ आते थी। इस घटना के बाद स्वयं राजा दुर्जनशाल ने एक भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया है। हालांकि किला काफी जर्जर हो गया है। जिसकी मरम्मत कर उसे भव्य रूप देने की आवश्यकता है। लोग दूर-दूर से किले व उसकी खुबसुरती के दर्शन करने आते हैं। नवरत्न गढ़ किला अपने अंदर वास्तुकला के कई कलाकृतियां समेटे हुए है। आज भी किले की दीवार व उसकी बनावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इधर मन की बात कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। गुमला जिला के सिसई का नगर नवरत्न गढ़ झारखंड का इकलौता राष्ट्रीय धरोहर है।

# नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंग रेप, गंभीर हालत में रिम्स रेफर

- इलाज के लिए रिम्स रेफर, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंग रेप का मामला प्रकाश में आया है। गैंगरेप के बाद छात्रा की हालत काफी खराब हो गयी, जिसे इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

जानकारी अनुसार बीती रात कुडू जींगी मोड़ स्थित चेटर पुराने बंद पड़े ईंट भट्ठे के समीप झाड़ियों में एक बेसुध पड़ी छात्रा मिली। जिसने बताया कि उसके साथ दो से अधिक लोगों ने दुष्कर्म किया है। लड़की अपने परिजन के यहां शादी में चेटर आयी थी। वहीं से उसे अगवा कर घटनास्थल पर ले जाकर जबरन गैंगरेप किया गया। जिससे लड़की बेहोश हो गयी। घटना में शामिल अपराधियों ने उसे मरा समझकर वहीं छोड़कर भाग खड़े हुए। काफी देर तक लड़की जब घर नहीं पहुंची, तब परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान काफी खोजबीन के बाद बेहोश और नाजुक हालत में लड़की को झाड़ियों के बीच देखा गया। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।




### आदिवासियों की हितैषी सरकार में सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियां असुरक्षित : मनीर



**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड के पंडरा ग्राम चेटर की आदिवासी नाबालिग लड़की जो अपने चाचा के घर शादी समारोह में हिस्सा लेने गयी, इस दौरान गुरुवार शाम शौच के लिए बाहर निकली बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में असामाजिक तत्व एवं बलात्कारियों में डर भावना खत्म हो चुकी है। आज हमारे जिले की बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझा रही है। इसका एकमात्र कारण है कि वर्तमान सरकार ने वोट बैंक की राजनीति में गलतियों पर बारबार पर्दा डाला है। इसलिए ऐसे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। झामुमो और कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में अर्श और फर्श का अंतर है। कहने को यह सरकार तो अपने आप को आदिवासी गरीबों की भला करने वाली बताती है, परंतु आज सरकार विशेषकर आदिवासी एवं गरीब जनता को सुरक्षा भी मुहैया नहीं करा पा रही है। लगातार बहू बेटियों से बलात्कार हत्या जैसी घटनाएं हो रही है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में आदि आदर्श ग्राम योजना व पीवीटीजी की समीक्षा, बोले

# आदि आदर्श ग्राम की गैरमजरूआ भूमि को चिह्नित कर करें लैमन ग्रास की खेती

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को आदि आदर्श ग्राम योजना एवं पीवीटीजी (आदिम कमजोर जनजातीय समूह) योजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित सभी ग्रामों के जीएम लैंड को चिन्हित करते हुए लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा देने हेतु उपायुक्त ने निर्देश दिया। गुमला जिले के हर एक आदि आदर्श ग्राम में लेमन ग्रास की खेती हो और लोगों में इसकी खेती हेतु जागरूकता फैले इसे लेकर एक अभियान चलाने की बात कही। वहीं पीवीटीजी (आदिम कमजोर जनजातीय समूह) योजना अंतर्गत चिह्नित 164 ग्रामों में 31 मई से पूर्व सर्वे करते हुए वहां की समस्याओं की सूची तैयार करने की बात कही। उन्होंने उक्त ग्रामों का भ्रमण करते हुए वहां के लोग को सरकार के मूलभूत योजनाओं से वंचित है वैसे लोगों को सरकार की किन-किन योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है उसकी सूची तैयार करने का निर्देश दिया।



**खास बातें :** उपायुक्त ने उन सभी ग्राम वासियों के लिए लाइवलीहुड डेवलपमेंट करने हेतु प्लान तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उक्त सभी चयनित ग्रामों को सरकारी सुविधा से अच्छादित करते हुए उनमें से किसी एक ग्राम को आदर्श ग्राम घोषित किया जाना है। जिसके लिए डिटेल्ड योजना तैयार करें। पीवीटीजी अंतर्गत चयनित सभी ग्रामों में रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य की सुविधा, शिक्षा की बेहतर सुविधा, रोजगार के नए संसाधन, आंगनवाड़ी केंद्र आदि जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ग्राम वासियों के आवश्यकता अनुसार वहां विकास कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सहायक समाहर्ता सह आईएएस प्रोविजनल, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर भारत बंद का आह्वान

**गुमला।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा जाति आधारित व ओबीसी आधारित जनगणना सहित नौ सूत्री मांग को लेकर 30 अप्रैल को भारत बंद का आहवान किया है। यह जानकारी आरएईफ के संजय उरांव ने दी है। संजय उरांव ने कहा कि ईवीएम से चुनाव में हो रही गडबड़ी, निजी क्षेत्र में एसटी, एससी व ओबीसी का आरक्षण लागू करने, एमएसपी गारंटी का कानून लागू करने, एनआरसी, सीएए व एनपीआर के विरोध में, मजदूरों के खिलाफ बने श्रम कानून को वापस लेने, कर्मचारियों के पुराने पेंशन बहाली करने आदि मांगों को लेकर भारत बंद का आहवान किया गया है।

लोहरदगा के एफएम ट्रांसमीटर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा- अब जिले के लोगों को मिलेगी बेहतर एफएम की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला समेत देश के 91 नये एफएम ट्रांसमीटर का ऑनलाइन उद्घाटन किया। लोहरदगा जिला भी अब देश के उन जिलों में शामिल हो गया, जहां एफएम की अपनी फ्रीक्वेंसी है।

लोहरदगा के अतिरिक्त झारखंड के गोड्डा और साहेबगंज जिला के बड़हरवा के भी 100 वाट ट्रांसमीटर का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। लोहरदगा जिलावासी 101.3 मेगाहट्र्ज पर लोग एफएम रेडियो (विविध भारती) का आनंद ले सकेंगे। इसकी रेंज 10-15 किमी तक होगी।

लोहरदगा जिला में आयोजित कार्यक्रम में वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग एवं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और 100 वाट एफएम ट्रांसमीटर का फीता काट कर शुभारंभ किया। कहा कि लोहरदगा जिला में अब तक लोग शॉर्ट वेब और मीडियम वेब पर ही रेडियो स्टेशन का आनंद ले रहे थे, लेकिन अब नये ट्रांसमीटर के लग जाने से लोगों को रेडियो एफएम का भी विकल्प मिल जायेगा।



### देवर व उसकी पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुमला।** खोरा पतराटोली की पूनम देवी (35) ने अपने देवर राजू साहू और उसकी पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाया है। घायल पूनम इलाज के लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंची थी। पूनम ने बताया कि वह अपने घर के पास नया मकान बना रही है। जिसके लिए वह एलवेस्टर लेने गुमला आयी थी। वहीं कार्य में लगे मजदूरों को उसके देवर ने भगा दिया। जब पूनम समान लेकर वापस ऑटो से घर पहुंची तो उसका देवर व उसकी पत्नी ऑटो से उतरने के बाद मारपीट करने लगा। वह घटना के बाद गुमला थाना आयी तो पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पूनम देवी ने बताया कि उसका देवर भी घर बना रहा है लेकिन वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। उसने बताया कि उसका पति रांची में रहकर चालक का काम करता है।

## बीडीओ ने की पंचायत सेवक और स्वयंसेवकों संग बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पंचायत सेवक व स्वयंसेवकों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास से संबंधित समीक्षा किया गया। जिसमें पूरे प्रखंड में 293 लंबित आवास हैं। बीडीओ ने सभी लंबित आवासों को 30 जून तक कार्य में तेजी लाते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ ने कहा कि वैसे लाभुक जो पैसा लेकर वर्षों से आवास को लंबित रखे हैं वैसे लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई होगी। मौके पर प्रखंड को-ऑर्डिनेटर अशोक कुमार, पंचायत सचिव आशिक मीर, स्वयंसेवक श्याम साहू सहित कई पंचायत सचिव स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### गुमला में ट्रैक्टर पलटने से दो घायल

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के पुलुंग टांड के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलट जाने से उसमें सवार पनझर गांव निवासी 16 वर्षीय आइजैक बरवा व 18 वर्षीय हर्षित कुजूर घायल हो गये। इस दुर्घटना में आइजैक का हाथ टूट गया जबकि हर्षित के पैर में चोट लगी है। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल ट्रैक्टर में सवार होकर अपने काम से जा रहे थे। इसी दौरान एक बाईक को बचाने के क्रम में ट्रैक्टर खेत में उतरकर पलट गया। जिसे दोनों को चोट लगी।

## बाल संसद का चुनाव संपन्न

बालभारती, किशोर भारती और कन्या भारती के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की योजनानुसार बाल संसद का गठन किया गया। भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बाल भारती, किशोर भारती और कन्या भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से भैया बहनों के मतदान की प्रक्रिया से चयन किया गया। विजेता प्रतिभागियों के अंतर्गत बालभारती, किशोर भारती के सचिव आशुतोष कुमार पांडेय, सह सचिव आदित्य राज, सेनापति अंश पांडेय, सहसेनापति आशीष कुमार, अनुशासन प्रमुख रवि कुमार गुप्ता एवं अनुशासन सह प्रमुख तेजस प्रतीक भगत विजेता घोषित हुए। कन्या भारती के अंतर्गत सेनापति समृद्धि गुप्ता, सहसेनापति कशिश कुमारी को चुना गया है।

### आपदा विभाग से दिलायेंगे मुआवजा : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कैरो प्रखंड के ग्राम नरौली पहुंचकर तीन दिन पूर्व सकूर अंसारी की बेटी मैरून खातून (16) का खेत में काम करने के दौरान हुई वज्रपात से मौत हो गयी थी। उनके परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट किया। मौके पर आलोक ने कहा कि शोकाकुल परिवारों को कांग्रेस हरसंभव सहायता करेगी। श्री साहू ने जिला आपदा पदाधिकारी विभूति जी से वार्ता कर सरकारी प्रावधान के अंतर्गत चार लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही। आपदा पदाधिकारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया के उपरांत चार लाख की राशि शोकाकुल परिवार को दी जायेगी। श्री साहू ने कैरो सीओ कमलेश उरांव से वार्ता कर जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करने का आग्रह किया, ताकि ससमय शोकाकुल परिवारों को मुआवजा मिल सके। मौके पर परिजनों के अलावा लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विजय चौहान, बड़गाईं पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, करमा उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ पतगच्छा में शुरू हुआ सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ

➲ सवा लाख भौतिक शिव की आराधना करेंगे भक्तजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के बेटहट पंचायत के पतगच्छा गांव में शुक्रवार को 7 दिवसीय रूद्र महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ की गयी। इस कलश यात्रा में हजारों भक्तगण शामिल हुए। बेटहट सतपरा सुकरी नदी से कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल तक पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। चार मई तक चलने वाले इस अनुष्ठान में आसपास के कई गांवों के अलावा दूसरे जिलों के भक्त भी शामिल हुए। शिव मंदिर प्रांगण में यज्ञ स्थल पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। विभिन्न गांवों से महिलाएं और बालिकाएं बेटहट सतपारा छठ घाट से जल लेकर शिव मंदिर प्रांगण में यज्ञ स्थल पर पहुंची। मौके पर यज्ञाचार्य कल्याण बाबा ने कहा कि यह यज्ञ ऐतिहासिक होगा। इससे मानव कल्याण, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होगी। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। सवा लाख भौतिक शिव की आराधना भक्तजन करेंगे। इसे लेकर भव्य शिवलिंग की स्थापना की गयी है। सरना-सनातन संस्कृति का अदभुत संगम इस आयोजन में दिख रहा है। पूरा गांव ध्वज से पट गया है। कलश यात्रा में जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, उमेश सिंह सहित काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। आयोजन में विनोद कुमार सिंह, पीतांबर महतो, संतोष महतो, अशोक कुमार महतो, सत्येंद्र प्रजापति, बलराम महतो, धनुष महतो, प्रभु महतो, सितंबर महतो, रमेश महतो, अमित, रंजीत, भोला, ज्योतिष महतो आदि का सक्रिय योगदान है।



कलश यात्रा में शामिल भक्तगण।

# बाजार समिति की दुकानों का किराया न्यायसंगत करने की मांग

- दुकानों के किराये में की गई वृद्धि को लेकर चेंबर का प्रतिनिधि मंडल पणन सचिव से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बाजार समिति से संचालित दुकानों के किराये में की गई वृद्धि को लेकर शुक्रवार को चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बाजार समिति के पणन सचिव से मुलाकात की और पणन सचिव से किराये दारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए नियम संगत मूल्यवृद्धि करने की अपील की। रमेश चीनी ने कहा कि बाजार समिति में संचालित दुकान अथवा गोदाम प्रतिदिन नहीं सिर्फ सप्ताह में हाट के दिन मंगलवार व शनिवार को खुलते हैं।



यहां रोजाना की भांति किसी प्रकार की दुकानदारी नहीं होती है। पूर्व में तीन रुपये 20 पैसे वर्गफीट के हिसाब से 420 रुपये मासिक दर से किराया की वसूली होती रही है। अचानक इसे तीन गुणा बढ़ाकर दस रूपए वर्ग फीट कर दिया गया है। उसमें भी 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ा गया है। इससे दुकानदारों को अब गोदाम अथवा दुकान का प्रति माह 1487 रूपए जमा करना होगा। इससे आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जबकि बाजार समिति की दुकानों की स्थिति भी जीर्ण शीर्ण है। कई ऐसी दुकानें है जो गिरने के कगार पर है तो कई दुकानों को दुकानदारों द्वारा स्वयं मरम्मति कराई गई है। ऐसे में किराया दुकानदारों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर बढ़ाया जाना चाहिए। इसपर पणन सचिव ने जानकारी दी कि सालों से किराए में वृद्धि नहीं हुई है और अब जो वृद्धि की गई है वो विभागीय आदेशानुसार हुई है। वैसे वो अपने स्तर से लिखित आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में वरीय अधिकारियों के समक्ष रख देंगी। उन्होंने इस मामले को लेकर बाजार समिति के विशेष पदाधिकारी सह एसडीओ से भी मुलाकात करने का सुझाव प्रतिनिधिमंडल को दिया। मौके पर अमर कुजूर व नेसार मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बिजली बिल वसूली को विशेष शिविर का आयोजन

**जामा।** जामा प्रखंड क्षेत्र के चिकनिया में बिजली बिल वसूली हेतु शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 2लाख 40 हजार रुपये की राजस्व संग्रह किया गया। विशेष शिविर का आयोजन विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बासुकीनाथ की सहायक विद्युत अभियंता आलोक रंजन के नेतृत्व में किया गया। शिविर के दौरान कनीय विद्युत अभियंता नितीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकनिया के शिविर में 2 लाख 40 हजार राजस्व संग्रह हुआ। शिविर के दौरान विद्युत विभाग के कर्मी सुनील कुमार पांडेय बीरेन्द्र पांडेय, लाइनमैन अजीत मंडल गुड्डू मिस्त्री सहित अन्य उपस्थित थे।

## ब्राइट फ्यूचर स्कूल सहित 27 जगह में चलाया गया एमआर टीकाकरण अभियान

**जामा।** जामा प्रखंड क्षेत्र के अमलाचातर गांव स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल सहित कुल 27 जगहों पर आज शुक्रवार को मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान चलाया गया। टीकाकरण अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शशिधर मिश्रा के देखरेख में चलाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिधर मिश्रा ने बताया कि जामा में कुल 2206 बच्चों का म्यूजिक रूबेला टीकाकरण का लक्ष्य आज शुक्रवार के लिए रखा गया था जिसमें 2042 बच्चों को टीका लगाया गया है। वहीं ब्राइट फ्यूचर स्कूल में 125 बच्चों का लक्ष्य रखा गया था जिसमें 125 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान सी एच ओ यमुना कुमारी एएनएम अंजुला सोरेन सहिया साथी बेबी देवी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध कोयले खदानों को वन विभाग के टीमों ने डोजरिंग कर किया ध्वस्त

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र में प्रशासन की शक्ति के बावजूद भी कोयला उत्खनन एवं परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध उत्खनन पर लगाम लगाने की सारी कोशिशे असफल साबित हो जाती है। आज शुक्रवार को शिकारीपाड़ा वन क्षेत्र की पंच वाहिनी वन क्षेत्र में संचालित कोयले की 7 अवैध खदानों को वन प्रमंडल पदाधिकारी परवल गर्ग के नेतृत्व में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी डालकर डोजरिंग कर बंद कर दिया गया। इस कार्य में जिला से केवल वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए, मौके पर जिला पुलिस बल एसएसबी के जवान शिकारीपाड़ा थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम मौजूद थे। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र अंतर्गत चल रहे कोयले की अवैध खदानों में लगातार डोजरिंग का काम किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण वन विभाग काफी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। लेकिन रैयती एवं सरकारी भूमि में चल रहे कोयले की अवैध खदानों में जिला प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कोयला का अवैध खनन लगातार जारी है आज भी कल्याणपुर बादल पड़ा पाड़ा पाड़ा तथा गंधरपुर मौजा में धड़ल्ले से कोयला का उत्खनन चल रहा है।

# हत्या मामले का उद्भेदन, अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर पंचायत के धर्मपुर निवासी सैलून संचालक मनोज शर्मा को 21 अप्रैल 2023 की रात्रि में हत्याकर बालू में दबा दिया गया था। वहीं 22 अप्रैल को मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने थाने में अज्ञात लोगों पर हत्या करने का आवेदन दिया था।

वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के द्वारा कांड सं.20/23 धारा 302/201 भाद्वि.अज्ञात लोगों के द्वारा हत्याकर साक्ष्य छुपाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया था। अनुसंधान के क्रम में शुक्रवार को सूचना संग्रह एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेहात्मक व्यक्ति का लोकेशन ग्राम गोराई, थाना चकाई, जिला जमुई बिहार पाया गया। मामले को लेकर एसपी कुमार गौरव ने कांड का उद्भेदन के लिए विशेष छापामारी दल का गठन किया था, जिसमें थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह, पुअनि अशोक कुमार, आरक्षी संत कुमार पांडेय, आरक्षी रामजीत मुंडा, महिला चौकीदार निर्मला के द्वारा छोटी राय, पिता स्व. जीवलाल राय, ग्राम-पालमो (भुराई), थाना-तिसरी, जिला गिरिडीह को पूछताछ के लिए सतगावां थाना लाया गया एवं पूछताछ करने पर अभियुक्त अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि मृतक एवं अभियुक्त दोनों एक सैलून में साथ काम करते थे। मृतक, अभियुक्त की पत्नी के बारे में हमेशा अभद्र टिप्पणी करते रहता था और इसी कारण उत्तेजना में आकर हाथापाई, मारपीट कर जख्मी कर गमछा से गला दबाकर हत्या करने की बात को स्वीकार किया। जिसके बाद थाना प्रभारी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेज दिया। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास से पता चला कि इससे पूर्व में भी 2016 में दिल्ली में हत्या के जुर्म में जेल जा चुका है। वहीं इस मामले का त्वरित उद्भेदन व कार्यशैली को लेकर थाना प्रभारी का चौक चौराहों पर चर्चा के साथ साथ प्रशंसा भी की जा रही है।

एक नजर में

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर प्रखण्ड अंतर्गत रमटुंडा गांव में सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ के कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर यज्ञ समिति के सम्मानित सदस्यों ने उनका स्वागत अंगवस्त्र दे कर किया। भव्य कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल धर्ममय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव का जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। कलश पूजन के बाद मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसका जल रमटुंडा गांव स्थित नदी से जल उठाकर पूरे गांव भ्रमण कर कलश स्थापन किया गया। इस दौरान बिरजू तिवारी ने कहा कि भक्ति कार्यक्रम और पूजन समारोह में सम्मिलित होने से मन और मस्तिष्क की शुद्धि होती है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे शरीर में होता है। भगवान का कथा के अनुसरण से भक्तों का कल्याण होता है। जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह तीर्थ स्थल कहलाता है।

## संजीवनी अकादमी में बच्चों को लगाया गया एमआर का टीका



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन रोड स्थित संजीवनी अकादमी में शुक्रवार को एमटीएस सुनिल कुमार पंडित के देखरेख में सीएचसी चंदवारा की टीम ने निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार की उपस्थिति में मिजिल्स रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों को टीका दिया गया। वहीं निदेशक ने बच्चों को टीका के फायदे बताते हुए कहा की यह एक संक्रमण बीमारी है जो रुबेला के कारण बनने वाला वायरस से एक बच्चे से दूसरे बच्चों में फैलता है। भारत सरकार ने खसरा और रुबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने के लिए देश व्यापी अभियान शुरू किया है, इसी अभियान के निमित विद्यालय परिसर में बच्चों को टीका लगाया गया। वहीं एमटीएस सुनिल कुमार पंडित ने भी बच्चों को टीका के फायदे बताए।

## दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेलाटांड़ में लायंस क्लब के द्वारा दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें लायंस क्लब के दंत चिकित्सक डॉ.सागर मणि सेठ एवं डॉ.अंकिता ने समस्त बच्चों के दातों की जांच एवं उन्हें दंत स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया की प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि भोजन के बाद ब्रश अवश्य करना चाहिए।

वहीं उन्होंने ब्रश करने के उचित तरीके भी बताए, साथ ही साथ सभी बच्चों को 1 टूथ ब्रश एवं पेस्ट भी दिया। इस शिविर में डॉ.सुनील कुमार बर्णनवाल ने भी भाग लिया, जिन्होंने बच्चों को बताया की आंखों की देखभाल कैसे करनी चाहिए और कई बच्चों के आंखों में कई प्रकार की खराबी एवं बीमारियों का भी जिक्र किया। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीवकांत पांडे एवं डॉ. आशीष चंद्र ने भी बताया की हड्डियों की मजबूती के लिए नियमित व्यायाम सुबह के धूप में रहना एवं उचित खानपान आवश्यक होता है। हड्डियों की कमजोरी जंक फूड एवं मसालेदार सब्जियों के प्रयोग से भी होती है। ऐसे खाने के प्रयोग से परहेज करना चाहिए। वहीं डॉ. हरी दर्शन सिंह ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार की जांच शिविर लगाकर लोगों को सही मार्गदर्शन करना एवं जानकारी प्रदान करना लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है। वहीं डॉ. सुजीत कुमार राज, डॉ. तरुण कुमार, चाइल्ड स्पेशलिस्ट ने भी बच्चो की सामान्य स्वस्थ जांच की। मौके पर गजेंद्र राम, सुजीत अम्बष्ठ, जगदानंद झा, रामबालक राय, दिनेश कुमार, नीलम कुमारी, शिल्पी मजूमदार सिन्हा, प्रमिला महतो आदि मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया ग्रेनाइट संस्थान का विधिवत उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** रिशु राज ग्रेनाइट संस्थान का उद्घाटन शुक्रवार को बायपास रोड स्थित लिबदा मोड़ चतरा के निकट किया गया। विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया। संस्थान का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि सामग्रियों की उपलब्धता के क्षेत्र में चतरा जिला आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। ज्ञात हो कि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी तिवारी इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। बावजूद इसके क्षेत्र की जनता की दुःख सुख में शामिल होना इनका फितरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संस्थान खुलने से रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को नाना प्रकार की लाभ एंव सुविधा प्राप्त होता है। क्षेत्र के लोगों को उपयोगी सामग्री सरलता के साथ उचित मूल्य पर अपने ही शहर में मिल जाता है। दूसरे शहर में भटकना नहीं पड़ता है। इस प्रकार चतरा सामग्रियों की उपलब्धता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होता जा रहा है। संचालक रामदेव यादव की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्थान संचालक रामदेव यादव ने कहा कि संस्थान में टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी व घर निर्माण के लिए जरूरी सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर पंकज दुबे, मोहन यादव, पंकज यादव, संजीत कुमार कुशवाहा, रामविलास सिंह, तिलेश्वर पासवान, अरुण दांगी, प्रमोद दांगी, मुकेश शाह जी, चांदो साव, मुन्ना कुमार समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# टाइटन वर्ल्ड एंड आई प्लस शुरूम का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर में टाइटन एंड आई ने शुक्रवार को अपनी खुदरा उपस्थिति का विस्तार करते हुए एक नया कॉम्बो स्टोर लॉन्च किया। शहर में टाइटन के दो पावर हाउस ब्रांडों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। झुमरीतिलैया में टाइटन वर्ल्ड और आई कॉम्बो स्टोर में अंतरराष्ट्रीय घड़ी की विविध रेंज की घड़ियां हैं। इस-हाउस टाइटन ब्रांड्स की घड़ियां और सनग्लासेस, बेल्ट्स, वॉलेट्स और बैग्स जैसे एसेसरीज के एक्सक्लूसिव सेलेक्शन के साथ हैं। इस शोरूम का उद्घाटन आरबीएम जयकिशन मेहता, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और शोरूम के संचालक विनीत मोदी से संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं श्री मेहता ने बताया की इस स्टोर में टाइटन, फास्टट्रैक और आई ब्रांड्स की आकर्षक घड़ियां और चश्मा सस्ते व महंगे मूल्य पर उपलब्ध है और सर्विस के लिए एक विशेष अधिकृत सर्विस सेंटर भी बनाया गया है। पुरुषों,



महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए चुनने के लिए एक हजार से अधिक डिजाइनों के साथ, विशेष रूप से टाइटन-एज सिरेमिक, राग और रेगलिया के नवीनतम संग्रह है। वहीं शोरूम संचालक विनीत मोदी ने बताया की इस शोरूम में सभी प्रकार के आकर्षक डिजाइन वाली घड़ियां, बेल्ट, चश्मा उपलब्ध है और यहां 3 दिन तक 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 10 परसेंट की भारी छूट के साथ ग्राहक खरीदारी कर सकते हैं। मौके पर किशन मेहता, विशाल गुप्ता, विजू मुखर्जी, सूर्यनारायण वर्णवाल, विनीत मोदी, लक्की मोदी, गायत्री मोदी, खुशबू मोदी, सीमा मोदी, डॉ. उमेश कुमार डॉ. मनोज कुमार, पिंकी जैन, नवीन जैन, श्यामसुंदर सिंघानिया, रमेश हर्षधर, अशोक कुमार बर्णवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## संवेदक संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत ने दिया इस्तीफा, कमेटी हुई भंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** संवेदक संघ के जिला अध्यक्ष शशिकांत सहाय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को हुए संवेदक संघ की बैठक में शशिकांत सहाय ने सभी संवेदकों के समक्ष अपना इस्तीफा दिया है। इस्तीफा देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शशि कांतसहाय ने कहा कि संवेदकों के सहयोग के लिए संवेदक संघ चतरा जिला में जिस उद्देश्य से बनाया गया था। उसे संवेदक संघ पूरा करने में असमर्थ महसूस कर रहा है। जिले के कुछ गीने-चुने संवेदको के असहयोगात्मक रवैया एवं सिर्फ अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए किए जा रहे कार्य के कारण चतरा जिला संवेदक संघ अपने उद्देश्यों को पूरा करने में असफल रहा। इस कारण वे अपने पद से इस्तीफा देते हुए चतरा जिला संवेदक संघ इकाई को भंग किया जाता है। संवेदक गन से आग्रह है की वे अपने अपने विवेक से अपने निविदा पर विचार करें और कार्य करें। सभी संवेदक स्वतंत्र रूप से निविदा में शामिल हो सकते है।

# डोमचांच में भालू ने दो लोगों पर किया हमला, घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही जंगल में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे भालू के हमले से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सपही बिरहोर कलनी निवासी 38 वर्षीय जितेंद्र बिरहोर पिता सुखदेव बिरहोर व बंगाखालर निवासी 27 वर्षीय लखन भूला पिता सोमर भुला महुआ चुनने के लिए पास के जंगल में गये हुए थे। इसी दौरान एक भालू ने हमला बोल दिया, जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा गुरुवार देर शाम उक्त दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत चेहाल में 52 लाख रूपये की लागत से तालाब का गहरीकरण व सौदर्यीकरण कार्य का विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि वर्षो से इस गांव का मांग था की इस डैम का गहरीकरण व सौदर्यीकरण किया जाए, जिसका शुक्रवार को विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा शिलान्यास किया गया। बताते चलें कि चेहाल, चंद्रपुर आदि गांवों के लोग यहां खेती के सहारे अपना गुजर बसर करते हैं। इस निमित्त तालाब का गहरीकरण होने से यहां के स्थानीय ग्रामीणों का सपना



साकार हुआ। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक ने कहा कि जनता की सेवा मेरे लिए सर्वोपरि है। मौके पर मुखिया सुमंती देवी, पंसस बलराम यादव, भाजपा पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी, यमुना यादव, मंटू पंडित, सरजू यादव समेत स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को गिद्धौर पहुंचे। इस दौरान सिमरीया विधायक किशुन कुमार दास,भाजपा पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम,मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,सांसद प्रतिनिद्धि मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को फूल माला के साथ व गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।साथ ही पार्टी कार्यकताओं ने रघुवर दास जिंदाबाद सहित कई नारे लगा रहे थे।बताया गया पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास निर्धारित कार्यक्रम के लिए हजारीबाग से चतरा भामाशाह की जयंती कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।इसीबीच गिद्धौर मुख्य चौक में पार्टी कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिद्धि महादेव दांगी, लखन दांगी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार राणा सहित अन्य शामिल थे।

# पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। उपस्थित सभी पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र से समस्या का प्रस्ताव रखा। जहां प्रमुख ने अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक की अनुपस्थिति की नाराजगी जताई। उसके बाद चिलचिलाती धूप अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में जल की सुविधा को दुरुस्त करवाने की बातें रखी गई। जैसे कि जल मीनार बनवाना, चापाकल बनवाना, कुआं मरम्मत करवाना ,पशु पक्षियों के लिए जंगल के नदी में चूवां करवाना इत्यादि।उसके बाद शिक्षा विभाग में जिस विद्यालय में 1 शिक्षक हो वहां जांचों उपरांत शिक्षक बढ़ाने जैसे चर्चा किए गए। लुबधिया गांव में लगे जल मीनार की जांच करवाने की बातें की गई। कुरकटा में चापाकल खराब रहने की वजह से वहां के ग्रामीण नदी के पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे जल्द से जल्द ठीक कराने की बातें की गई।

पिछले 10 सालों से गिद्धौर प्रखंड में कोल स्टोर के लिए सिर्फ चर्चा ही हो रही है। जिसके लिए महादेव दांगी पुणः चर्चा कीए।और बैठक में पारित किया गया। तथा अंचला अधिकारी को पत्र लिखकर भूमि अधिग्रहण कराने एवं कोल स्टोर बनवाने की बातें कि गई। बारिसाखी पंचायत में डीलर के विरुद्ध जांच करवाने का मांग किया है। इस पर भी चर्चा की गई। मायाडी में स्ट्रीट लाइट खराब पड़े को बनवाने की मांग की गई है। बारिसाखी में उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू करवाने की भी बातें रखी गई। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर भुइयां, प्रियांशु कुमारी, रमती परवीन, लालो साव, सरिता देवी स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर सत्य प्रकाश, जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार, बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर विवेक कुजुर, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर विनोद पासवान, सिंगल विंडो से एटीएम शीला कुमारी कन्या अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार पंचायत सेवक मिथिलेश सिंह शिक्षा विभाग से बीआरपी कृष्णा कुमार मुरारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक, अनजुम परवीन व अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

# परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की ओर से समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो, जमशेदपुर की ओर से संयुक्त निदेशक सुभाष चंद्र नायक (साइंटिस्ट-डी) के द्वारा समाहरणालय कर्मियों को बीआईसी व उसके कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होने आईएसआई हॉलमार्क, ज्वेलरी हॉलमार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया व विभिन्न उत्पादों के स्टैण्डर्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो से वैज्ञानिक-सई, उप निदेशक अर्को साहा, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसी अनिल तिर्की, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डीईओ अलका जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, डीआईओ सुभाष यादव, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूकी, कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## पुलिस के हत्थे साइबर अभियुक्त, गया जेल


गिरफ्तार अभियुक्त।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा पुलिस की टीम ने 6 वर्ष पूर्व के एक मामले में साइबर अपराधी प्रदीप कुमार पिता गौतम शाह (ग्राम महादेवा जिला सिवान बिहार) को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2017 में चकला निवासी मो. अमान अंसारी के साथ मोबाइल सीम का लक्की विजेता होने का झांसा देकर 26,000 रूपयो की ठगी की गई थी। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 120/2017 में धारा 419/420/34 अंकित किया था। इस मामले में अभियुक्त प्रदीप कुमार के विरुद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट निर्गत था, जिसे सिवान से गिरफ्तार किया गया। छापामारी में पुअनि दिव्य प्रकाश और सैट के बल शामिल थे।

# 112 वीं वाहिनी की डी-कंपनी ने अति नक्सल पीड़ित क्षेत्र में चलाया ऑपरेशन

## तीन आईईडी बंब, एक लोकल मेड गन एवं 35 नग राउंड को किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** 112 वीं वाहिनी की डी कंपनी ने बम व डॉग स्क्वायड के द्वारा शुक्रवार को सिविल पुलिस हमराह के साथ प्रमोद कुमार साहू कमांडेट 112 बटा, राकेश कुमार सहायक कमांडेंट के कमान में छिपादोहर थाना अन्तर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बेरे गांव के जंगलों से विशेष आपरेशन चलाया गया। जिसमें सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इस अभियान में तीन आइइडी बंब जिसमें 7-7 किग्रा के दो नग सिलेन्डर आइइडी व 25 किग्रा का एक नग टिफिन आइइडी प्राप्त हुआ। जिसे नष्ट कर दिया गया। जिसके साथ 01 लोकल मेड गन एवं 35 नग राउंड को सर्च कर बरामद किया गया। अभियान की शुरूआत सुबह 5.30 बजे से ही किया गया था जो दोपहर के 02 बजे तक चला। ज्ञात हो कि सुरक्षाबलों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। बेरे का क्षेत्र जो बूढ़ा पहाड़ के लिए आवागमन का रास्ता है। इसलिए इस हिस्से में आइइडी कॉफी संख्या में नक्सल द्वारा लगाया गया है। सुरक्षा बल इस रास्ते से किसी बड़े ऑपरेशन को न लांच कर पाये इसलिए इधर बड़ी संख्या में आइइडी बंब लगाया गया है, ताकि सुरक्षाबल को नुकसान पहुंचाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल ने इस अभियान को बिना किसी नुकसान के पूरा किया है और किसी ग्रामीण या जंगली जानवरों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।


अभियान के दौरान मौजूद जवान।

## आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित गरिमा परियोजना के तहत शुक्रवार को महुआडांड़ आजीविका महिला संकुल संगठन में आजीविका न्याय सलाह केंद्र का अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग बीपीएम तेजू कुमार बीपीओ सुजीत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। यह न्याय सलाह केंद्र के साथ परामर्श केंद्र के रूप में भी जाना जाएगा। जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित कमजोर महिलाओं, वृद्ध व्यक्तियों के पेंशन, आधार व राशन कार्ड, जॉब कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं का निराकरण होगा। यह न्याय सलाह केंद्र सप्ताह में छह दिन खुला रहेगा। फोन के जरिए 24 घंटे मामलों की सूचना दी जा सकती है। इसमें एक पैरा लीगल सदस्य और एक सामाजिक सुधार उप समिति सदस्य बैठेंगे। आजीविका न्याय सलाह केंद्र में तीन समितियां हैं। कोर कार्यान्वयन समिति, पैरा लीगल सदस्य और 7 सामाजिक सुधार उप समिति सदस्य होंगे। प्रशासनिक निकाय समिति संकुल संगठन के तीन ओबी सदस्य और प्रत्येक ग्राम संगठन से एक इसी सदस्य सलाहकार समिति के सदस्य होंगे। इस समिति में बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम समेत अन्य सदस्य होंगे। उदघाटन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, सीआई गौतम कुमार लकड़ा, राज्स्व कर्मचारी बीपीएम तेजू कुमार, बीपीओ सुजीत कुमार, सीसी-स्वर्णलता खलखो, पुष्पा कण्डुलन बीआरपी तैयबा साहिन, जीवन्ति देवी, अमरमणि, नीलमणि, फातमा तथा सखी मंडलों के सदस्यों आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।


मौके पर मौजूद लोग।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आज

**चंदवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया है। उक्त परीक्षा को लेकर चंदवा प्रखंड में इसके लिए 2 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें गर्ल्स हाई स्कूल चंदवा एवं प्लस टू हाई स्कूल चंदवा शामिल है। दोनों विद्यालय में परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा में प्रखंड से करीब 500 छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को कदाचार मुक्त वातावरण में कराने को लेकर 24 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## जेसीबी से गिराये गये पेड़ को वन विभाग के द्वारा आनन-फानन में हटाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

खबर का असर

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क के मुख्य गेट के समीप वन विभाग के द्वारा भवन निर्माण कराने के लिए जेसीबी से पेड़ को कुछ दिन पहले गिरा दिया गया था। जो शुक्रवार को खबर मंत्र अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद उस पेड़ को वन विभाग के द्वारा वहाँ से हटा दिया गया है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या वन विभाग के पदाधिकारी वन एवं पर्यावरण विभाग के नियम कानून के नासमझ हैं, या फिर समझदार होने के बावजूद भी नियम कानून को ताक पर रखते हुए जंगल को नष्ट करने से बाज नहीं आ रहे हैं, क्या भारत देश में नियम कानून दो तरह का है, ग्रामीण यदि पेड़ काट दे तो यही वन विभाग के पदाधिकारी उस पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे डाल देता है, लेकिन यदि वन विभाग के द्वारा दिन के उजाले में बेतला नेशनल पार्क के मुख्य गेट के समीप दिन के उजाले में जेसीबी मशीन से पेड़ को नष्ट कर दे रहा है, तो क्या ऐसे लापरवाह वन विभाग के पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए या नहीं, ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि क्या मामले में उच्च पदाधिकारी कार्रवाई करती है या मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रह जाती है।

### मुआवजा को लेकर कैंप का किया गया आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मकयाटाड़ रेलवे कैंप परिसर में शुक्रवार को अंचलाधिकारी आफताब आलम के नेतृत्व में रेलवे द्वारा अधिग्रहण किये गए भूमि के भूरैयतो को मुआवजा एवं कागजात सत्यापन को लेकर एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया 20 भु रैयतो का कागजात का जांच किया गया। कैंप के संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी आलम ने बताया कि टोरी शिवपुर रेल लाइन अंतर्गत हेमपुर, जोगियाड़ीह, सिमरसोत व चितरपुर ग्राम के दर्जनों भू रैयतों की जमीन रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए भू रैयतों का मुआवजा, कागजात की सत्यापन एवं आपसी समझौता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर मे एक दर्जन से भी अधिक भू रैयत पहुंचे और अपने अपने कागजात जमा किया। जहां उनकी कागजात की जांच की गई साथ ही साथ भु रैयतों को कहा गया कि जिनका आपसी विवाद है वह सभी अपने भाइयों एवं परिवार वालों से समझौता कर शपथ पत्र कार्यालय में जमा करें ताकि समय पर भूमिका मुआवजा दिया जा सके।

### एक नजर में

### अभियुक्तों को न्यायालय ने किया बरी

**लातेहार।** सत्रवाद संख्या 42/18 की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में हुई। उक्त मुकदमे में अभियुक्त मनिता कुमारी, किशुंदयाल उरांव और नागेंद्र उरांव को न्यायालय द्वारा बरी किया गया। ज्ञात हो की बचाव पक्ष की ओर से पैरवी लीगल ऐड डिफेंस काउंसिलए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लातेहार के द्वारा किया गया था। जिसमे अभियुक्त को नि:शुल्क कानूनी सहायता दी गई थी। ज्ञात हो कि एलएडीसीएस का गठन झालसा के निर्देश पर किया गया है। जिसमें वीचाराधीन बंदियों, सजावार बंदियों एवं आर्थिक तथा समाजिक रूप से कमजोर लोगो को नि:शुल्क कानुनी साहयता देना है ताकि लंबित मामलों में न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष रखा जा सके एवं त्वरित निष्पादन हो सके। मालूम हो कि उपरोक्त वाद में बंद तीनो बंदी एक ही परिवार के है तथा पिछले लगभग छह वर्षो से बिरसा मुण्डा कारागार रांची में हत्या के आरोप में बंद थे।

### वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग


गड्ढा में गिरा वाहन।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ रांची रोड एसएच 9 पथ पर सोहर पंचायत अंतर्गत चापीपाठ घाटी से नीचे पूल के समीप शुक्रवार दोपहर लगभग 3:30 बजे नेतरहाट की तरफ जाता एक वाहन मोड काटने के दौरान अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घूसा, हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत होने की सूचना नही है, सभी सुरक्षित बताये गए है, हल्की चोट आई है, सड़क पर चलते ग्रामीणों के द्वारा सभी को गाड़ी से बाहर निकाला गया, छत्तीसगढ़ से आ रहे इस वाहन के चालक को मोड़ स्थित गड्ढा नहीं दिखने से दुर्घटना हुआ है. ज्ञात महुआडांड़ से नेतरहाट तक जो एसएच नौ मुख्य पथ है, कई जगहो पर गड्ढे दिखाई देते है, बताया जाता है कि टावर का केबल लगाने के बाद संवेदक द्वारा सही से स्थल की मरम्मत नहीं करने के कारण इस लापरवाही दुर्घटना के कारण बन रहा है।

### दो वाहनों में आमने-सामने की हुई टक्कर


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित करमाही मोड़ के समीप दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय मार्ग 39 पर लगभग 2:00 बजे सुबह में कार व पिकअप वाहन की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों वाहन एक दूसरे के विपरीत दिशा से आ रही थी इसी क्रम में वाहनों का अचानक संतुलन खराब हो गया और दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई लेकिन राहत की बात रही कि इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार व्यक्तियों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद मनिका प्रभारी थाना प्रभारी राजकुमार तिगा समेत पुलिस बल के अन्य जवानों के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी।

### मनिका क्षेत्र के भटको में जलसा कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।

➲ मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित भटको गांव में जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए और कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में आए हुए यूपी के मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा जलसा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हर धर्म का सम्मान होना चाहिए और सभी धर्मों के लोगों को भाईचारे और एकजुटता का परिचय देते हुए सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की जरूरत है। वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि हमें वैसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है जो उन्माद फैलाते हैं हम सभी को सभी धर्मों को सम्मान करना चाहिए। मौके पर सुरेंद्र भारती, विश्वनाथ पासवान, दरोगी प्रसाद यादव, मिथिलेश पासवान, ओम प्रकाश यादव, गुलाम हुसैन, अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, संजय सिंह, वृन्द बिहारी प्रसाद यादव, लालू यादव, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गर्मी शुरू होते ही जंगली जानवरों की बढ़ी मुश्किले


जंगली हाथी।

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इन दिनों जंगली जानवरों का चहलकदमी देखा जा रहा है, ऐसे में गुरुवार को बेतला महुआडांड़ मार्ग में बैगापानी के समीप जंगली हाथी सड़क के किनारे देख आसपास के राहगीर व पर्यटक प्रसन्न हुए, एवं अपने कैमरे में भी तस्वीर को कैद करने से बाज नहीं आए, अंदाजा लगाया जा रहा है कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अधिकांश जलाशय सूख जाने के कारण पानी के खोज के लिए जंगली जानवरों को इधर से उधर भटकना पड़ रहा है, जिसके कारण कई जंगली जानवर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंच जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें पानी नसीब ना हो लेकिन मौत के घाट उतार दिए जा रहे हैं, ऐसे में सरकार एवं वन विभाग के पदाधिकारी क्या जंगली जानवरों के लिए समुचित पानी की मुहैया करा पा रहे हैं, यह भी बहुत बड़ा सवाल है।

### डीडीओ के नहीं रहने से शिक्षकों को दो माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ

**महुआडांड़।** महुआडांड़ शिक्षक संघ द्वारा बताया गया कि विभागीय आदेश एंव विकट परिस्थितियों में कार्य करते हुए भी दो माह का वेतन शिक्षकों नहीं मिल पाया। जब से बीइइओ को डीडीओ का पद मिला है तब से दो माह का नहीं मिला। जिससे आर्थिक समस्या हो रही। ईद जैसे पर्व के अवसर पर भी वेतन का भुगतान नही हो पाया। शिक्षक संघ महुआडांड़ ने उच्च अधिकारी से जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



महुआडांड़ थाना।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम साले में विरतिलिया बेक पति स्व. कारलुस बेक साले चर्च के बगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में चर्च के बड़े फादर जार्ज तिग्गा ने बताया कि महिला वर्ष 2015 से पारिष में खाना बनाने का काम करती थी। उसका पति नहीं एक बेटी को पढ़ाई लिखाई के लिए काम करती थी। पिछले कुछ महीनों से महिला की मानसिक संतुलन बिगड़ गई थी। महिला दो दिनों से लापता थी। काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को चर्च के बगल झाड़ी के आम पेड़ टहनी में लटकता शव मिला। जिसकी सुचना थाने को करने के बाद शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। वही पुलिस मामले की जांच करने जुट गई है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के 100 वर्ष पूरा होने मनाया जायेगा शताब्दी कार्यक्रम

**लातेहार।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में लातेहार शहर के माको डाक बंगला में 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शताब्दी कार्यक्रम मनाया जाएगा। यह समारोह प्रांतीय यादव महासभा झारखण्ड की लातेहार जिला समिति के द्वारा आयोजित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी यादव ने बताया कि शताब्दी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस के पास महासभा के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रोड मार्च करते हुए पदाधिकारी माको डाक बंगला पहुंचेंगे, जहां शताब्दी समारोह को लेकर सभा होगी। उन्होंने जिला समिति के अलावा के प्रखण्ड एवं पंचायत समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### शहीदों के सम्मान में निकली कलशयात्रा


कलश यात्रा में शामिल लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड में शुक्रवार को वीर अहीर शहीदों के सम्मान में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रखंड के शहीद चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक से होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। जुलुस में शामिल लोगों ने भगवान बिरसा व जीतू मिठू किसान पर माल्यार्पण किया। अंततः रामपुर में जुलुस एक सभा में तब्दील हुई, जहां सभा शुभारम्भ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेजांगला में वीर अहीर शहीद जिन्होंने 1962 के भारत चीन युद्ध में 1300 चीनी सैनिकों को महज 114 अहीर सैनिक ने युद्ध लड़कर वीरगती को प्राप्त हुए थे। इन्ही रेजांगला के वीर अहीर शहीदों के सम्मान में आज अहीर रेजिमेंट की मांग की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोला नाथ प्रसाद पुअनी, मोहन प्रसाद यादव, मुकेश यादव, राम दयाल यादव, रामनाथ यादव, प्रेम यादव, राम लखन यादव, राजनाथ यादव, शंकर यादव, सुरेश यादव, संतोष यादव, उदय यादव, जसवंत यादव, कमलेश यादव व हजारों यादव समाज के सदस्य शामिल रहे।

### अंगवस्त्र देकर कर किया सम्मानित

**बालूमाथ।** प्रखंड के बालू पंचायत में गुरुवार देर शाम को आदिवासी समाज के लोगों ने गांव स्तरीय प्रकृति पर्व सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया। सरहुल पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में प्रमुख ममता देवी शामिल हुयी। सरहुल पूजा का शुभारंभ सर्व प्रथम सरना स्थल पर बैगा पुजारी एवं पाहन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी। सरहुल पूजा मे शामिल बालु पंचायत के 30 खोडा के बीच मुख्य अतिथि प्रमुख ममता देवी ने निजी कोष से मांदर व दर्जनों प्रबुद्ध लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये प्रमुख ने कहा कि यह प्रकृति त्यौहार हैं जो आपसी भाईचारा को बढ़ाते हुए प्राकृतिक को रक्षा करने का संदेश देता है। आदिवासी समाज में कुछ बुराइयों के कारण अभी भी समाज काफी पिछड़ा हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण शराब का सेवन एवं शिक्षा की कमी है। हमें शराब को छोड़कर शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी राकेश सिंह, माधो सिंह, रामप्रताप सिंह, तेतर गंझू, निरंजन प्रसाद, केदार सिंह, बाबुलाल भगत, सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लाइफ लाइन की टीम ने किया सीएचसी का दौरा

➲ लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से 15 मई से 4 जून तक लोगों को मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ सुविधा

➲ नेत्र, कान, दांत के रोगियों, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का किया जाएगा उपचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी 15 मई से 4 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का नि:शुल्क इलाज को लेकर चलने वाले कार्यक्रम के निमित डीसी भोर सिंह यादव के निर्देशन में लाइफ लाइन की शुक्रवार को चंदवा पहुंची, जहां बीडीओ सह सीओ विजय कुमार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा का औचक निरीक्षण किया, इस क्रम में टीम ने सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही कार्यक्रम के दौरान नव निर्मित भवन के उपयोग करने पर विचार विमर्श किया। बीडीओ ने बताया कि 15 मई से 4 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जाएगी, लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन लातेहार-टोरी स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का इलाज और ऑपरेशन, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का इलाज, कान रोगियों, दांत के रोगियों का उपचार किया जाएगा। इस दौरान यहां आने वाले मरीजों की हर दिन जांच, इलाज और ऑपरेशन की सुविधा मिलती रहेगी।


जायजा लेती टीम।

### तीन दिवसीय लोकस एप्लिकेशन प्रशिक्षण संपन्न


बारियातू मे लोकस ऐपलिकेशन का प्रशिक्षण देते।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में जेएसएलपीएस के तत्वाधान मे तीन दिवसीय लोकस एप्लिकेशन प्रशिक्षण संपन्न। प्रशिक्षक आकाश रवि राम द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव से एक-एक स्वयं सहायता समुह के महिलाओं को लोकस एप्लिकेशन एवं वेबपोर्टल से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के संबंध मे बीपीएम सुनिल कुमार ने बताया कि लोकस एप्लिकेशन प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समुह के महिलाओं को लोकस एप्लिकेशन के माध्यम से कैसे कार्य करना है ऐप उपयोग करने एवं आइडी में डेटा को रिजेक्ट, वेरिफाई किए जाने के सम्बन्ध मे अलग-अलग कई हत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही 3-4 अप्रैल मंगलवार, बुधवार को टोंटी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। प्रशिक्षण मे पंचायत के सभी स्वयं सहायता समुह के महिलाओं को भाग लेने की अपील किया है। मौके पर कई स्वयं सहायता समुह के महिला मौजूद थी।

## उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

# जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण, पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी व अन्य।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण, पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारीयों को स्कूलों में जाकर सतत मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने समय समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही जिससे की बच्चों को पेट के कीड़ों की बीमारी (कृमि मुक्त) से मुक्त जा सके, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा बेहतर रहे।

### विद्यालय में फलदार पौधा लगाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

उपायुक्त ने पोषण वाटिका की समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय में फलदार पौधा लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं को दी जाती है। उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी 'मन की बात' 100 वें एपिसोड कॉन्क्लेव में झारखंड के शिक्षक डॉ सपन पत्रलेख हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कॉन्क्लेव का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। झारखंड के शिक्षक डॉ सपन कुमार पत्रलेख को दिल्ली में चलने वाले सप्ताह भर तक के कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। डॉ सपन देश के उन शख्सियतों में शामिल है। जिनकी चर्चा प्रधानमंत्री जी ने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में किया है। इस मौके पर डॉ सपन पत्रलेख ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा जो सम्मान मिला है। यह झारखंड के सभी लोगो के साथ राज्य के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियो का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे दुर्गम सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक हैं। जहां पहुंचना काफी कठिन रहता है। यह ट्राइबल क्षेत्र है और ट्राइबल में भी वे एक ऐसे ट्राइबल है। जहां 99 प्रतिशत लोगों ने मैट्रिक या उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं की है। अधिकांश लोगो ने कॉपी कलम को नहीं छुआ है। इस क्षेत्र के बच्चों के लिए दुमका सबसे बड़ा शहर हुआ करता था। वे दिल्ली, जापान, अमेरिका को नहीं जानते थे।



मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली पहुंचे डॉ सपन पत्रलेख

वैसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं बापू जी के सपनों का ग्राम स्वराज का सपना को इस गांव में पूर्ण करने का प्रयास डॉ सपन द्वारा समुदाय के सहयोग से किया जा रहा है। चाहे कोविड के समय की बात हो या कोविड-19 के बाद की बात हो कठिन परिस्थिति आया तो ब्लैकबोर्ड बाजार से नहीं खरीद कर आपसी सहयोग से एकमत से सभी ने मिलकर प्रकृति में उपलब्ध संसाधन से मिलकर गांव मे आपसी सहयोग से एकमत होकर गांव के सभी दीवारों पर ब्लैकबोर्ड बना दिया। जरूरत की डस्टर, झाड़ू, चटाई का निर्माण गांव में ही किया गया तो वही ग्राम स्वराज के स्वालंबन के सपने को गांव में पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे विद्यालय के बच्चे अमेरिका, जापान को भी जानते हैं।

बच्चों में देश के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत को श्रेष्ठ बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। एक अत्यंत पिछड़े क्षेत्र के शिक्षक हैं। जहां शिक्षा की रोशनी जलाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय डॉ सपन ने समुदाय के सहयोग से गांव के सभी दीवारों पर ब्लैक बोर्ड बनाकर किताब के पाठों को लिखकर, चित्र बनाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखी थी। जिसकी चर्चा देश के प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में किया था। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत के उपराष्ट्रपति ने मन की बात कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस मौके पर सूचना प्रसारण मंत्री, रेल मंत्री, किरण बेदी, आमिर खान, रवीना टंडन एवं मन की बात में प्रधानमंत्री के द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों के सपन के साथ 100 विशेष अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर टेबल कैफे बुक, डाक टिकट एवं सिक्का जारी किया गया। 30 अप्रैल को मन की बात के 100 वे एपिसोड के मौके पर राजभवन में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में जाति सर्वेक्षण पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय का रुख करने की अनुमति दी और याचिका पर जल्द फैसला करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, 'याचिकाकर्ता याचिका को स्थानांतरित करने की अनुमति चाहता है जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा विचार किया जा सकता है। 'पीठ ने कहा, 'हम याचिकाकर्ता को एक उपयुक्त अंतरिम अर्जी दायर करने की अनुमति देते हैं और उच्च न्यायालय कम से कम अंतरिम अर्जी पर जल्द से जल्द विचार करे और इसे दायर करने के तीन दिन के भीतर इस पर निर्णय करे।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। बिहार में जाति सर्वेक्षण का पहला दौर 7 जनवरी से 21 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था। दूसरा दौर 15 अप्रैल को शुरू हुआ और 15 मई तक होगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है जहां पटना उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। रोहतगी ने कहा कि आने वाले चुनावों को देखते हुए सर्वेक्षण तेजी से किया जा रहा है। पीठ ने कहा, 'नौकरशाही, राजनीति, सेवा। हर क्षेत्र में काफी जातिवाद है। आप इतनी जल्दबाजी में ऐसा क्यों कर रहे हैं? इसकी क्या जरूरत है?' बिहार सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह कवायद राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार की जा रही है। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के 18 अप्रैल के अंतरिम आदेश के खिलाफ यूथ फॉर इक्वेलिटी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जाति-आधारित सर्वेक्षण को इस आधार पर चुनौती दी गई कि यह जनसंख्या के लिए एक नमूना के आधार पर सर्वेक्षण नहीं बल्कि जनगणना है, जिसमें सभी लोगों की घर-घर जाकर गणना करने की कवायद शामिल है, जिसे केवल केंद्र ही करा सकता है। याचिका में कहा गया, 'जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 और जनगणना नियम, 1990 के नियम 6ए के अनुसार, केंद्र ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण या जनगणना के लिए ऐसी कोई घोषणा नहीं की है।'

# आनंद मोहन की रिहाई पर बोले नीतीश, काहे हंगामा कर रहे हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** आनंद मोहन की रिहाई के बाद सूबे की सियासत गरमा गयी है। विपक्ष में भाजपा सहित महागठबंधन के घटक दल सीपीआई एमल ने भी आनंद मोहन की रिहाई को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को इसी पर सीएम नीतीश कुमार बिफरते नजर आये। उन्होंने मीडिया से बातचीत के क्रम में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने सुशील कुमार मोदी और आनंद मोहन की मुलाकात की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि ये देखिये अभी फरवरी में ये रिहाई की मांग कर रहे थे और आज रिहाई का विरोध कर रहे हैं। यही सब तो हो रहा है। अब जब



जेल से 27 कैदियों की रिहाई हुई है तो सिर्फ एक की रिहाई पर इतने सवाल क्यों हो रहे हैं। यह सारा काम नियम और प्रावधान के अनुसार हुआ है तो विरोध का तो कोई तुक ही नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि 27 कैदियों की रिहाई हुई है, जिसमें से सिर्फ एक ही (आनंद मोहन की रिहाई) पर चर्चा क्यों हो रही है। मैं हैरान हूं। जब ऐसा नहीं हो रहा था तो कई लोग इसकी मांग करते थे। अब इसका विरोध कर रहे हैं।

**प्रावधान के अनुसार हुई है रिहाई :** मुख्यमंत्री अधिवेशन भवन में सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार ने बताया कि 2016 में केंद्र सरकार की ओर से जारी नियम के तहत ही रिहाई हुई है। उसमें आईएएस ऑफिसर को लेकर कोई प्रावधान नहीं है तरह तरह के लोग बयान दे रहे हैं जो लोग बोल रहे हैं उन्हीं से पूछना चाहिए। अब जारा आपलोग देखकर बताइए, क्या इससे अलग किसी नियम के तहत कुछ हुआ है क्या। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने लोगों में केवल एक आदमी के बारे में जिस प्रकार से बातें की जा रही है। मुझे आश्चर्य लग रहा है। 'सुशील मोदी दो महीने पहले तक खुद आनंद मोहन की रिहाई की बात कर रहे थे और आज इसका विरोध कर रहे हैं. ये देखिये अभी फरवरी में ये रिहाई की मांग कर रहे थे और आज रिहाई का विरोध कर रहे हैं. यही सब तो हो रहा है. अब जब जेल से 27 कैदियों की रिहाई हुई है तो सिर्फ एक की रिहाई पर इतने सवाल क्यों हो रहे हैं। यह सारा काम नियम और प्रावधान के अनुसार हुआ है तो विरोध का तो कोई तुक ही नहीं बनता है। नियम के अनुसार 14 साल या उससे ज्यादा की सजा पूरी करने के बाद प्रावधान अनुसार रिहाई तो होती ही है। यह को पॉलिटिकल चीज नहीं है, जो इस पर सवाल कर रहे हैं तो मुझे आश्चर्य हो रहा है।

# लालू से मिले सीएम नीतीश, 20 मिनट तक हुई बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** लालू प्रसाद यादव किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार बिहार लौटे हैं। 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर आने के बाद से ही कार्यकर्ता पार्टी के नेता उनसे मुलाकात करने के लिए राबड़ी आवास पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी तेजस्वी यादव के साथ राबड़ी आवास पहुंचे और लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर पहुंचे और लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। लगभग 15- 20 मिनट चली मुलाकात के बाद नीतीश कुमार राबड़ी आवास से बाहर निकले। जब मीडिया ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने बात करने से साफ मना कर दिया। आपको बता दें कि जब से लोगों को जानकारी हुई है कि लालू प्रसाद यादव बिहार आ रहे हैं, तभी से प्रदेश के अलग-अलग जिलों से उनके समर्थक और कार्यकर्ता उनकी एक झलक पाने के लिए सुबह से राबड़ी आवास के बाहर इकट्ठा थे।राबड़ी आवास के बाहर **कार्यकताओं की भीड़:** लालू प्रसाद यादव के बिहार आते ही उनके प्रशंसक और कार्यकताओं में एक अलग सा जोश देखा जा रहा है। प्रशंसक से लेकर नेता या पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंत्री सभी लगातार उनसे मिलने के लिए राबड़ी आवास पहुंच रहे हैं। हालांकि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए कम ही लोगों को उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जा रही है। फिर भी लालू की मुलाकात की आस लिए समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला दिन भर जारी रहा। लालू के आने से बिहार की राजनीति में हलचलें तेज हो गई हैं।

## पेज 1 का शेष

### सिर्फ अमीरों नहीं...

गरीबों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध कराने की मंशा हमारी सरकार की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनेता हो, सरकारी कर्मचारी हो या आम नागरिक सबके लिए स्वास्थ्य सेवा एक समान होना चाहिए। एयर एंबुलेंस सेवा मील का पत्थर साबित होगी। **घायलों को ससमय अस्पताल पहुंचायेंगे :** सीएम ने कहा यहां बड़े पैमाने पर लोग एयर एंबुलेंस का उपयोग कर दूसरे राज्यों में बेहतर चिकित्सा के लिए जाते हैं। कभी-कभी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती है, जहां समय का अभाव रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि जगह-जगह सड़क के किनारे हेलीपैड बने और भीषण सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को ससमय अस्पताल पहुंचाया जा सके। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी चुनौती भी हम लोग देख रहे हैं उन चुनौतियों से कैसे निपटा जाये। समस्याओं का निराकरण कैसे हो, इस पर सरकार गंभीरता से नजर रख रही है। बेहतर प्रयास करने की सोच सरकार ने राज्य वासियों के समक्ष रखा है और उम्मीद करते हैं कि इस इस सेवा से कई लोगों की जान सुरक्षित होगी। शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी सामाजिक आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक केएल अग्रवाल, कैप्टन एसपी सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राज्य सरकारें...

**मामले में देरी अवमानना होगा :** जस्टिस केएम जोसफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीर अपराध बताया जो देश के धार्मिक तानेबाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पीठ का यह आदेश पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर आया है जिन्होंने पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि उसका 21 अक्टूबर, 2022 का आदेश अब सभी राज्यों व क्षेत्रों के लिए प्रभावी रहेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले दर्ज करने में देरी को कोर्ट की अवमानना माना जायेगा। यह टिप्पणी तब की गयी, जब शीर्ष अदालत हेट स्पीच के मामलों के खिलाफ कार्रवाई करने में राज्यों द्वारा कथित निष्क्रियता दिखाने के बैच की सुनवाई कर रहा था। हेट स्पीच देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने में सक्षम है।

### पीएम मोदी ने...

इसी में अब 103.6 मीटर फ्रीक्वेंसी पर एफएम गोड्डा जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी तक सुनाई देगा। कार्यक्रम दिल्ली से प्रसारित होंगे। लोग विविध भारती और संगीत के अलावा समाचार भी एफएम पर सुन पायेंगे। उल्लेखनीय है कि पीएम ने कुल 91 एफएम ट्रांसमीटर सेंटर का ऑनलाइन उद्घाटन किया, जिसमें झारखंड के तीन जिलों को एफएम की सौगात मिली। एफएम का उद्घाटन आज सुबह 10:30 बजे किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्य मंत्री सूचना प्रसारण डॉ एल मुरुगन भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा...

**सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती :** वहीं इस मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अधिवक्ता नवनेश सिन्हा ने बताया कि इस पूरे मामले में कुल 11 लोगों की गवाही कोर्ट में दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने कहा कि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने, गवाहों और बयान एवं साक्ष्य के आधार पर अपना फैसला सुनाया। अधिवक्ता ने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। **2019 में मामला दर्ज हुआ था :** कोडरमा पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की थी और एक वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के बाद 14 मई 2019 को अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। इस मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी, जिस पर कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया।

### ठोस जवाब...

लैब में खाद्य पदार्थों की किस-किस तरह की जांच होती है। इन सारी चीजों के बारे में हाईकोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य में कई जिलों में फूड सेफ्टी अफसर नहीं है। जिस पर सरकार की ओर से कहा गया कुछ सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति हुई है और कुछ की नियुक्ति प्रक्रिया जीपीएससी के माध्यम से चल रही है।

### आतंकवाद को सह...

राजनाथ ने कहा कि 'यदि कोई राष्ट्र आतंकवादियों को आश्रय देता है, तो वह न केवल दूसरों के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी खतरा बन जाता है। युवाओं का कट्टरवाद न केवल सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय है, बल्कि यह समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के मार्ग में भी एक बड़ी बाधा है। **सभी मिल कर आतंकवाद का खात्मा करें :** बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा कि 'अगर हम एससीओ को एक मजबूत और अधिक विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाना चाहते हैं, तो हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने की होनी चाहिए। भारत ने नयी दिल्ली में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जिसमें भारत, रूस, चीन और अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने एससीओ के सदस्य देशों से सामूहिक रूप से आतंकवाद को उसके सभी रूपों को खत्म करने की दिशा में काम करने और ऐसी गतिविधियों में सहायता या धन देने वालों पर जवाबदेही तय करने का आह्वान किया। भारत ने हमेशा 'आइए साथ-साथ चलें और साथ-साथ आगे बढ़ें' के सिद्धांत का पालन किया है।

**दोनों संस्थान...**

वह ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। हेमंत ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हम कैसे बेहतर कर सकें, यह जानने और हजारों की संख्या में बैठे बच्चों से सीखने आज मैं यहां आया हूं। इसके साथ अच्छी चीजों को अपनाना चाहिए। आज संस्था के लिए कुछ तो मैं ला नहीं सका। लेकिन, मैं अपने एक माह का वेतन इस संस्थान को दूंगा।
**आदिवासी बच्चे विदेशों में उच्च शिक्षा ले रहें हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा आज यह मंच हमें बहुत कुछ सोचने पर विवश करता है। बड़ी मुश्किल से आदिवासी समाज से आने वाला एक आदिवासी राज्य के सिर्फ पद पर पहुंचता है। 2019 दिसंबर से राज्य के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। लेकिन कोरोना संक्रमण काल में विकास की गति को कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद जब जीवन सामान्य हुआ तो झारखण्ड के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने का मौका मिला।

# उत्तम अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, प्रतीक साह सचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा का पुर्नगठन किया गया। इसे लेकर थाना रोड स्थित काबरा कुंज में शाखा के पदाधिकारियों की बैठक राजू केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र 2023-24 के लिए गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रुप में राजेश काबरा एवं प्रमोद भगेरिया के मार्गदर्शन में नई टीम का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उत्तम अग्रवाल, सचिव प्रतीक साह, उपाध्यक्ष अवध खिरवाल, अभिषेक केजरीवाल, कोषाध्यक्ष नरेश केडिया, सह कोषाध्यक्ष सचिन केजरीवाल, सह सचिव - कमल खेतान, संगठन मंत्री आकाश काबरा, मीडिया प्रभारी पीयूष अग्रवाल, रक्तदान संयोजक कमल खैतान, सह रक्तदान संयोजक हर्ष खिरवाल, अमृतधारा संयोजक आशीष भगेरिया, दीपक खिरवाल, जतीन साह, निशान्त अग्रवाल, वृक्षरोपण संयोजक दीपक खिरवाल, खेलकूद संयोजक मनोज खिरवाल, समाज विकास संयोजक नितेश भगेरिया, आपदा प्रबंधन समिति राजकुमार केजरीवाल, राजेश काबरा व प्रमोद भगेरिया बनाए गए। नए पदाधिकारियों का फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर गजानंद काबरा समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में समर क्रिकेट कैंप 15 से

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 15 मई से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर समर क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने दी है। उन्होनें बताया कि इस कैंप में 10 से 16 आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला एवं राज्य स्तरीय कोच की देखरेख में बच्चों को फिजिकल फिटनेश, क्षेत्ररक्षण,



गेंदबाजी एवं बल्लेजी के गुर सिखाए जाएंगे। लगभग 20 दिनों तक चलने वाले इस कैंप का समापन रविवार 4 जून को होगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि इस कैंप में पश्चिमी सिंहभूम जिले का कोई भी खिलाड़ी निर्धारित शुल्क जमा कर अपना निबंधन करा सकता है। सीट सीमित होने के कारण पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर बच्चों का एडमिशन लिया जाएगा। इस कैंप के प्रथम चरण में बच्चों के शारीरिक क्षमता बढ़ाने एवं क्रिकेट की बारीकियाँ सीखाने पर बल दिया जाएगा जबकि दूसरे चरण में क्रिकेट मैचों का आयोजन कर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि इच्छुक बच्चे अथवा उनके माता, पिता या अभिभावक 5 मई तक जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से 12 बजे तक तथा अपराह्न 4:00 बजे से 6:00 तक निर्धारित शुल्क जमा कर अपने बच्चों का निबंधन करा सकते हैं।

## चरवाहा किशोर समेत दो बकरी की मौत

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर महारों के पास टैंकर के चपेट में आने से एक 16 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दौरान हाईवा भागने में सफल रहा। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक का पहचान सरसाबाद गांव के रहने वाले मोहन चालक के पुत्र 16 वर्षीय सूरज चालक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक बकरी चरा कर अपने घर लौट रहा था तभी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। जामा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजवाया।

# मालपहाड़ी रेलवे साइडिंग का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** शुक्रवार शाम को उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा मालपहाड़ी रेलवे साइडिंग का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मालपहाड़ी स्थित सीबी स्टोन, जीएलदास कम्पनी के क्रशरों का निरीक्षण किया एवं मौके पर स्टॉक रजिस्टर की माँग की गई जिसे कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। सीबी स्टोन के क्रशर को तत्काल रूप से सीलबंद कर दिया गया है एवं संचालन बंद करने हेतु निर्देश दिया गया। खपड़ाजोला स्थित एमएमसी कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा स्टॉक रजिस्टर दिखाया गया है जिसे जाँच हेतु रखा गया है। मौके



पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, पाकुड़ अंचलाधिकारी आलोक वरण केसरी एवं माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटु कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मिले झामुमो नेता, उर्दू स्कूलों के पुनः संचालन की मांग की

## 99 जगह मात्र 26 चिकित्सक हैं कार्यरत, महिला और बच्चों की डॉक्टर नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** झामुमो के पूर्व केंदीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला प्रवक्ता शाहिद इकबाल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ के ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हें एक आवेदन पत्र सौप कर शीघ्र निदान की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध किया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद पाकुड लौटे झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। श्री इकबाल ने कहा कि लगभग 13 वर्ष पहले फरक्का गंगा फीडर कैनल से पाईप बिछाकर पूरे पाकुड़ शहर को जलापूर्ति के लिए टेंडर हुआ था। जो आज तक पूरा नहीं हुआ। पीएचडी विभाग के सुस्त रवैया के कारण पाकुड़ में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इसे अविलंब कियान्वित करने की मांग की है। पाकुड़ जिला मुख्यालय में हरिणडांगा बाजार गांधी चौक के



निकट स्थित हरिणडांगा उर्दू मध्य विद्यालय के साथ-साथ पाकुड़ जिले के सभी प्रखंड के उर्दू विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में हुए विलय को रद्द कर पुनः उसमें पठन-पाठन का कार्य चलाने की मांग भी की है। वहीं सभी मध्य विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल यह भी कहा है कि पाकुड़ जिले में कुल 99 डॉक्टर का पद है। जिसमें मात्र 26 डॉक्टर कार्यरत है। नर्सों की भी कमी है। महिला और बच्चों के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। पाकुड़ जिला मुख्यालय का सदर अस्पताल की भी यही स्थिति है। डॉक्टर, नर्स की कमी है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी के जांच विशेषज्ञ भी नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीमार व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर पहल करने का आश्वासन दिया है। जिले की कई और भी अहम समस्याओं से भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया गया।

